

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, बुधवार, 21 दिसम्बर - 27 दिसम्बर, 2022

पौष, पक्ष - कृष्ण, तिथि - त्रयोदशी, संवत 2079 पृष्ठ : 8+2 वर्ष-8, अंक-43, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- www.jagrukjanta.net


## चुनाव लड़ने के लिए कुछ शैक्षिक मानदंड तो हो!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**सरकारी** महकमों में छोटी से लेकर बड़ी नौकरी के लिए शैक्षणिक मानदंड होते हैं और उनको पार करने के बाद ही उसमें नियुक्ति संभव है। आजकल तो इतनी ज्यादा प्रतिस्पर्धा हो गई है कि चपरासी के लिए 10 पदों पर नियुक्ति करनी होती है तो हजार तक आवेदन आ जाते हैं। बड़ी-बड़ी नियुक्तियों के लिए लाखों लाख प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठते हैं और कई दौर की परीक्षाओं को पास करते हुए नियुक्ति तक पहुंचा जाता है। मगर राजनीतिक पदों पर नियुक्ति के लिए किसी भी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता की बाध्यता नहीं है। हमारे लोकतंत्र में एक अंगूठा छाप अनपढ़ व्यक्ति भी सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। ये सोचने वाली बात है कि एक चपरासी जिसे या तो ऑफिस में पानी पिलाना होता है या फिर एक फाइल को इस टेबल से उस टेबल तक पहुंचाना होता है उसमें भी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की जरूरत होती है तो फिर हमारे संविधान में एक अनपढ़ व्यक्ति को सर्वोच्च पद पर पहुंचने के लिए कोई शैक्षणिक मानदंड क्यों नहीं है? जिसके कारण जनता द्वारा चुना हुआ प्रतिनिधि नौकरशाही के आगे बौना साबित होता है वह सिर्फ नौकरशाहों की कठपुतली ही बन कर रह जाता है, जनता के काम सही ढंग से नहीं हो पाते हैं। हम देखते हैं कि विधानसभा और लोकसभा में बहुत से जनप्रतिनिधि कभी अपने क्षेत्र की बात नहीं उठाते। उठाएं कैसे। उन्हें सदन में बोलना तक नहीं आता। आंकड़े अगर सचिव आदि बताते हैं तो वे उन्हें वहां पढ़ नहीं पाते। इसलिए जनप्रतिनिधियों को चुनाव लड़ने के लिए कुछ न कुछ न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तो होनी ही चाहिए।

shivdayalmishra@gmail.com

## संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सरकार के सफल 4 वर्ष

### गाँव-चौबारे, शासन के गलियारों तक...

# अशोक बेमिसाल

ज्ञानेन्द्र मिश्रा
jagrukjanta.net

**राजस्थान में गहलोत सरकार ने अपने चार साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। कोरोना महामारी के इस दौर में भी राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में सरकार ने न केवल महामारी की चुनौती से बेहतर तरीके से निपटकर देश-दुनिया के समक्ष एक नजीर पेश की बल्कि आर्थिक संसाधनों की कमी के बावजूद राजस्थान की जनता को अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से विकास कार्यों की सौगात देने का काम भी किया है। जवाबदेही और पारदर्शी सरकार के बूते आज राजस्थान विश्वपटल पर अपनी अमिट छाप रखता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 4 साल के मौके पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए राजस्थान सरकार के विकास कार्यों में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि राज्य की संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सरकार सफल 4 वर्ष पूर्ण होने पर मैं सभी को हार्दिक बधाई देते हुए प्रदेशवासियों की खुशहाली, सुख-समृद्धि, स्वस्थ जीवन और चहुंमुखी विकास की कामना करता हूं। हम सब मिलकर राजस्थान के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं संकल्पबद्धता से अपने कदम बढ़ाएं और मन, वचन व कर्म से इसमें सहभागी बनकर अपनी भूमिका निभाएं।**



**जयपुर।** गहलोत सरकार के विकासोन्मुखी बीते 4 वर्ष देश-दुनिया के सामने है। आज राजस्थान विश्वपटल 'पर अपनी छाप छोड़ रहा है। यहां के विकास की गाथा खुद सरकार ही नहीं देश-दुनिया भी गा रही है। जवाबदेही, पारदर्शिता के साथ गुड गवर्नेंस की छाप छोड़ती गहलोत सरकार ने विकास को नये आयाम दिए है। बीते चार सालों में सरकार के पास मात्र दो साल ही जनता से रूबरू होने को मिला। वहीं दो साल 'कोविड़-9 की भेंट चढ़ गए। हालांकि इस कोविड काल में भी सरकार ने मजबूत इरादे और सशक्त प्रशासनिक जवाबदेही के बूते दुनिया में अपना लोहा 'मनवाया। अनके राजनीतिक घटनाक्रमों से पार पाते हुए गहलोत सरकार ने अपनी जवाबदेही जनता के समक्ष रखी है। अब समय जश्न का है। सरकार के सफल 4 वर्ष के कार्यकाल को धरातल देने का समय आ गया है। यही उत्साह गाँव-ढाणी से लेकर शासन-प्रशासन के गलियारों तक सुनाई दे रहा है। सरकार के जन घोषणा पत्र के दोव-वादे धरातल पर आ चुके है। आपको बतो दें कि अशोक गहलोत ने 17 दिसंबर 2018 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

**चिरंजीवी** योजना के तहत 10 लाख तक का हेल्थ इंश्योरेंस, इंदिरा रसोई योजना में 8 रुपए में खाना मिलता है। इंदिरा गांधी रोजगार गारंटी योजना शुरू की है। किसान मित्र ऊर्जा योजना के तहत करीब 8 लाख किसानों का बिजली बिल जीरो आया है। राजस्थान में हमने 4 सालों में ऐसे काम किए जो अब तक किसी राज्य में नहीं हुए।

**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री

### सम्मानजनक जीवनयापन का दिया अवसर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधानसभा में बजट प्रस्तुत करते हुए कहा था कि 'मेरा मानना है कि लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार का प्रथम दायित्व समाज में व्याप्त विषमताओं को समाप्त कर प्रत्येक जरूरतमंद वर्ग और व्यक्ति की जिंदगी को खुशहाल बनाते हुए उन्हें सम्मानजनक जीवनयापन करने का अवसर प्रदान करना है। इसी भावना के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान सरकार दलित, वंचित, पीड़ित, प्रताड़ित और कमजोर तबकों के सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक उत्थान के लिए समर्पित है। 2018 में सरकार बनने के बाद पहले बजट से लेकर अब तक इन तबकों के लिए इस तरह की योजनाएं बनाई गई कि इस वर्ग का प्रत्येक व्यक्ति मुख्यमंत्री का कोटि कोटि धन्यवाद कर रहा है।

माँ

आपके आदर्श, आपके संस्कार,
आपका आशीर्वाद बनकर सदा
हमारे जीवन का मार्गदर्शन करते रहेंगे...



**श्रीमती भौरी देवी**
पत्नी स्व. श्री सूरजमल मिश्र की
**अष्टम पुण्यतिथि**
पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं...
देवलोकगमन 25.12.2014

श्रद्धानवत
समस्त जागरूक जनता समाचार पत्र परिवार







## जागरूक खबरें

### खोले के हनुमान जी मंदिर 'रोप-वे' का लाइसेंस जारी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर जिला प्रशासन द्वारा खोले के हनुमान जी मंदिर 'रोप-वे' निर्माण के लिये फर्म को रोप-वे अधिनियम के तहत लाईसेन्स जारी किया गया। लाईसेन्स जारी होने से 85 मीटर ऊचाई वाले प्रदेश के पहले स्वचालित रोप-वे के निर्माण कार्यों में तेजी आयेगी तथा जल्द ही अन्नपूर्णा माता मंदिर से खोले के हनुमान मंदिर की पहाड़ी पर स्थित वैष्णों माता मंदिर तक पैसेन्जर रोप-वे की सौगात यात्रियों को मिल सकेंगी। जिला प्रशासन से लाइसेंस जारी होने के बाद रोप-वे बनने का काम त्वरित गति से आगे बढ़ेगा और जल्द ही जयपुर वासियों को रोप-वे की सौगात मिलेगी।

### सुनयना को डॉक्टर आफ फिलोसॉफी उपाधि



**जयपुर @ जागरूक जनता।** महात्मा ज्योति राव फूले विश्वविद्यालय जयपुर में सुनयना मुंडोतिया द्वारा फैकल्टी ऑफ एजुकेशन में study of philosophy and educational thoughts of guru nanak dev and Mohammad विषय पर प्रोफेसर आभा शर्मा के अधीन शोध पूर्ण कर सत्र 2021 में डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी की उपाधि प्रदान की गई।

### आलोक बने वैश्य महासम्मेलन जिलाध्यक्ष



**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रमुख समाजसेवी व पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लायन आलोक अग्रवाल को अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन राजस्थान प्रदेश के जयपुर जिलाध्यक्ष पर नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गिरीश संघी पूर्व सांसद की एवं जयपुर संभाग प्रभारी शरद गुप्ता की संतुति से प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल सिंघल पूर्व विधायक अलवर ने आलोक अग्रवाल को ये पद देने की घोषणा की।

### जयपुर में श्री गढ़ गणेश मंदिर पर 'रोप-वे' की स्थापना के लिए बैठक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित की अध्यक्षता में श्री गढ़ गणेश मंदिर पर रोप-वे निर्माण हेतु बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में श्री गढ़ गणेश की गैटोर की छत्रियों के पास पेसेन्जर सुविधा के लिये रोप-वे की स्थापना हेतु आवश्यक 0.4506 हैक्टेयर वन भूमि के प्रत्यावर्तन प्रस्ताव के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।

### फार्मास्युटिकल सांईस पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 23 से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विवि जयपुर के रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग द्वारा 3 दिवसीय 23 से 25 फरवरी तक संस्थान परिसर में आयुर्वेदिक फार्मास्युटिकल सांईस पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। रस शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि इस संगोष्ठी में मुख्य रूप से आयुर्वेद अध्येताओं को औषधियों का ज्ञान, पहचान, संरक्षण, निर्माण विधि तथा नयी औषधियों के आविष्कार, पेटेंट, स्टार्ट अप, इंडस्ट्रीज और एकेडमिक रिलेशनशिप जैसे अनेकों महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जायेंगी।

---

**विधानसभा चुनाव से पहले एक और एलिवेटेड रोड की मिलेगी शहरवासियों को सौगात, 73 फीसदी हो चुका काम**

# जून से सुगम होगी राह, झोटवाड़ा पुलिया पर नहीं लगेगा जाम

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** झोटवाड़ा-सीकर रोड और अम्बाबाड़ी को जोड़ने वाली एलिवेटेड रोड का निर्माण जून में पूरा हो जाएगा। शहरवासियों को विधानसभा चुनाव से पहले भारत जोड़ो सेतु के बाद एक और एलिवेटेड रोड की सौगात मिल जाएगी। जेडीए अधिकारियों की मानें तो अब तक 73 फीसदी काम हो चुका है। शेष 27 फीसदी काम मई के अंत तक पूरा कर दिया जाएगा। ऐसे में जून से लाखों लोगों की राह सुगम हो जाएगी और झोटवाड़ा पुलिया पर लगने वाले जाम से भी शहरवासियों को निजात मिल जाएगी। रेलवे लाइन के ऊपर 50 मीटर के हिस्से में स्पान डाले जाने का काम पूरा कर लिया गया है।

#### बदली नजर आएगी यातायात व्यवस्था

- **सीकर रोड** से झोटवाड़ा की ओर आने वाला ट्रैफिक पुरानी पुलिया से आएगा। इसके डिवाइडर को हटाने से पुलिया की चौड़ाई 13 मीटर चौड़ी हो जाएगी। लता सर्कल से होते हुए वाहन कालवाड़ रोड की ओर जा सकेंगे। वहीं, पुरानी स्लिप लेन से खातीपुरा जा सकेंगे।
- कालवाड़ रोड से आने वाले वाहन पंचायत समिति के सामने से एलिवेटेड रोड पर चढ़ेंगे। एक लेन सीकर रोड के लिए चौमूं पुलिया के पास उतारी जाएगी और बाकी एलिवेटेड रोड की दो लेन अम्बाबाड़ी तिराहे से आगे पेट्रोल पम्प के पास जाकर उतरेंगी।
- खातीपुरा की ओर से जाने वाले ट्रैफिक को एलिवेटेड रोड पर चढ़ाने के लिए 1 लेन का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। इसी तरह निवारू रोड से आने वाली रोड को एलिवेटेड से जोड़ा जाएगा।



#### फैक्ट फाइल

- 166.73 करोड़ रुपए जेडीए इस परियोजना में कर रहा है खर्च
- 2260 मीटर लम्बी है एलिवेटेड रोड, 8.50 से 11.50 मीटर चौड़ाई है इसकी
- 81 करोड़ का काम अब तक हो चुका है इस परियोजना में।

#### आगे ये भी होगा

निवारू रोड से खातीपुरा की ओर आने वाले वाहन पुरानी पुलिया के नीचे से आ जा सकेंगे। अभी यहां दो से पांच मीटर की सड़क है। इसको जेडीए 7.5-7.5 मीटर की बनाएगा।

**जमीन** न होने की वजह से काम प्रभावित हो रहा था। अब काम तेजी से चल रहा है। जून तक इसे शुरू कर दिया जाएगा।
**-रवि जैन,** जेडीसी

---

**ओटीएस चौराहे से गुजरने वाले लाखों लोगों को ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत**

# राजधानी में बनेगा स्टील केबिल ब्रिज




**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर में ज्यादातर जाम रहने वाले जेएलएन मार्ग पर ओटीएस चौराहे को अब सिग्नल फ्री जंक्शन बनाया जाएगा। इसके लिए जेडीए यहां 600 मीटर से 1 किलोमीटर लंबा फोरलेन स्टील केबिल स्टेड (stayed) ओवरब्रिज बनाएगा। इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने बीते दिनों किया। ये जयपुर का पहला स्टील केबिल स्टेड ब्रिज होगा। साथ ही 2 क्लोवर लीफ (ग्राउंड पर सर्किल) बनाने की तैयारी की जा रही है।

जेडीए अधिकारियों ने बताया कि सिग्नल फ्री जंक्शन के तहत ओटीएस पर काम कराया जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर 150 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि यहां एक ओवरब्रिज बनाया जाएगा, जबकि जलधारा और ओटीएस परिसर के पास दो क्लोवर लीफ बनाए जाएंगे। आपको बता दें कि जेएलएन मार्ग पर ट्रैफिक का सबसे ज्यादा दबाव इसी चौराहे पर रहता है। यहां सुबह-शाम पीक ऑवर्स में गाड़ियों की संख्या इतनी ज्यादा रहती है कि दो लाइट होने के बाद ही जंक्शन को क्रॉस करने का नंबर आता है।

#### यूं बनाया जा रहा है प्लान

- जेएलएन मार्ग पर मालवीय नगर रेलवे ओवरब्रिज से गांधी सर्किल की तरफ आने-जाने वाले ट्रैफिक के लिए ओटीएस चौराहे पर स्टील केबिल स्टेड ब्रिज बनाया जाएगा।
- गोपालपुरा बायपास पुलिया की तरफ से आने वाला ट्रैफिक जो मालवीय नगर रेलवे ओवरब्रिज की तरफ जाना चाहता है उसके लिए ओटीएस परिसर की तरफ एक क्लोवर लीफ बनाया जाएगा।
- सूचना आयुक्त ऑफिस की तरफ से आने वाला ट्रैफिक जो ओटीएस पुलिया की तरफ जेएलएन मार्ग पर जाना चाहता है उसके लिए जलधारा के पास क्लोवर लीफ बनाया जाएगा।

#### क्या है इस ब्रिज की खास

- स्टील केबिल स्टेड ब्रिज में पुलिया के नीचे पिल्लर नहीं होंगे। इसमें लगने वाले बड़े-बड़े स्पैन को दो पिल्लर पर बनाए गए केबिल स्टैंड के जरिए हुक किया जाएगा। इस कारण इस ब्रिज पर जॉइंट भी सामान्य ओवरब्रिज या एलिवेटेड रोड के मुकाबले कम होंगे और इनके नीचे खुला स्पेस भी ज्यादा होगा।
- विशेषज्ञों की माने तो केबिल ब्रिज का यूटिलिटी टाइम भी सामान्य ब्रिज से ज्यादा होता है। एक सामान्य ब्रिज 50-60 साल बाद खराब हो जाता है और उसे तोड़ना पड़ता है, जबकि केबिल ब्रिज का यूटिलिटी टाइम 70-80 साल होता है।

---

## जयपुर में एयरपोर्ट पर चार्ज होंगी इलेक्ट्रिक कार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** इलेक्ट्रिक व्हीलक चलाने वालों को अब चार्जिंग का टेंशन नहीं रहेगा। जयपुर में इन कारों को चार्ज करने के लिए नए स्टेशन की शुरुआत की गई है। अब तक ये सर्विस कार या व्हीकल शोरूम पर ही मिलती थी। लेकिन, पहली बार जयपुर एयरपोर्ट पर इसकी शुरुआत की गई है। यहां दो चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। जहां 24 घंटे में 50 गाड़ियों को फुल चार्ज किया जा सकता है। इन चार्जिंग स्टेशन पर भीड़ न हो और ड्राइवर के समय की बचत हो इसके लिए टाइम स्लॉट से व्हीकल चार्जिंग का समय बुक करवा सकते हैं। एयरपोर्ट ऑथोरिटी के अनुसार एयरपोर्ट पर DC फास्ट इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन टर्मिनल 2 के एग्जिट गेट के पास शुरू किया है। इस चार्जिंग स्टेशन को यात्रियों और पब्लिक के यूज के लिए शुरू कर दिया है।

#### 17 रुपए यूनिट के हिसाब से लगेगा चार्ज

इस चार्जिंग स्टेशन पर गाड़ियों को चार्ज करने के लिए 17 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से बिल देना होगा। चार्जिंग स्टेशन में दो सीसीएस 2 टाइप गन चार्जर इंस्टॉल किए हैं जो 30 किलोवॉट और 20 किलोवॉट क्षमता की हैं। यह सीसीएस 2 टाइप गन चार्जर से किसी भी EV को चार्ज किया जा सकेगा। इसके अलावा एयरपोर्ट ऑथोरिटी जल्द ही एयरपोर्ट के अंदर उपयोग में आने वाली EV को चार्ज करने के लिए भी चार्जिंग स्टेशन लगाएगा। बताया जा रहा है कि ये दूसरे चार्जिंग स्टेशन से करीब 3 से 4 रुपए सस्ता होगा। दूसरे चार्जिंग स्टेशन पर 21 से 22 रुपए देने होते हैं लेकिन यहां प्रति यूनिट के हिसाब से 17 रुपए ही वसूल किए जाएंगे।

#### ऐप के जरिए टाइम स्लॉट करवा सकेंगे बुक

एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने इस स्टेशन पर आने वाले लोगों की सुविधा के लिए मोबाइल एप पर टाइम स्लॉट की सुविधा शुरू की है। इसके लिए यूजर्स को अडानी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) का ईवी ऐप डाउनलोड करना होगा। अपने ईवी को चार्ज करने के लिये टाइम, एनर्जी और मनी मोड का इस्तेमाल किया जा सकता है।

---

## गोविंददेव मंदिर परिसर का बदलेगा स्वरूप

**राधा-कृष्ण की अद्भुत चित्रकारी के साथ राजस्थानी स्थापत्य की दिखेगी झलक**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** नए साल में गोविंद देव जी मंदिर में लंबे समय बाद सौंदर्यीकरण कार्यों की शुरुआत होगी। काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी) और महाकाल कॉरिडोर (उज्जैन) की तर्ज पर यहां विभिन्न विकास कार्य होंगे। यहां बनने वाले कॉरिडोर में राधा-कृष्ण के छायाचित्रों के साथ ही अद्भुत चित्रकारी, विभिन्न भाव-भंगिमाएं दर्शाती प्रतिमाओं तथा मॉन्यूमेंटस के साथ ही राजस्थानी स्थापत्य कला की झलक नजर आएगी। इसके लिए पूरी योजना पर आगामी दस से पंद्रह दिनों में मुहर लगेगी। मंदिर सेवादारों ने कहा कि यह कार्य अपने आप में देखने लायक रहेगा। जलदाय मंत्री महेश जोशी ने बीते दिनों मंदिर प्रांगण में शिलान्यास कर सौंदर्यीकरण कार्य की शुरुआत की। शुरुआती चरण में आगामी मार्च में फागोत्सव तक कुछ विकास कार्य पूरे होंगे। चौगान स्टेडियम से मंदिर और ठाकुरजी के सामने वाले रास्ते पर पूरा फर्श नए ढंग से तैयार किया जाएगा। आंगन में लाल पत्थर लगाने के साथ ही अन्य विकास कार्य होंगे।

#### यह कार्य होंगे खास

**पूरा** चौक नया तैयार करने के साथ ही धर्मशाला व सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था की जाएगी। ठाकुरजी के दर्शनों की सुगमता के लिए भी खास खाका तैयार किया हे। मंदिर के मुख्य द्वार पर सुंदर चित्रकारी के दर्शन होंगे।

#### राह भी होगी सुगम

**मंदिर** प्रांगण के बाहर अवैध निर्माण व अतिक्रमण करने वालों से समझाइश कर राह सुगम बनाई जाएगी। सूत्रों के अनुसार भारत जोड़ो यात्रा के बाद जल्द सीएम अशोक गहलोत व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल मंदिर आएंगे।




जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

खुदकुशी के भयावह आंकड़ों का सच
देखें पेज @ 4

---

**ANCHOR** | **मलमास शुरू**

# अब एक माह बाद होंगे मांगलिक कार्य

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पौष कृष्ण अष्टमी पर 16 दिसंबर से धनु मलमास (खरमास) शुरू हो गया। इसके साथ ही फिर से शादी-ब्याह आदि मांगलिक कार्यों पर भी विराम लग गया है। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि 16 दिसंबर को सुबह 9 बजकर 56 मिनट पर सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करने के साथ ही धनु मलमास (खरमास) शुरू हो गया। मलमास में शुभ कार्य वर्जित बताए गए है। इसके चलते मलमास लगते ही फिर से शादी-ब्याह आदि मांगलिक कार्यों पर विराम लग गया है। 14 जनवरी को रात 8 बजकर 43 मिनट पर सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करेंगे, इसके बाद ही फिर से शादी–ब्याह मांगलिक कार्य शुरू हो पाएंगे।

#### होलाष्टक दोष 27 फरवरी से

ज्योतिषाचार्य डॉ रवि शर्मा ने बताया कि फाल्गुन शुक्ल अष्टमी पर 27 फरवरी 2023 से होलाष्टक दोष लग जाएगा, ऐसे में फिर से एक बार मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाएगी। फाल्गुन शुक्ल चतुर्दशी पर 6 मार्च 2023 तक होलाष्टक दोष रहेगा।

#### पांच माह में शादी के 49 मुहूर्त

करीब एक माह बाद माघ कृष्ण सप्तमी पर 14 जनवरी को सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही फिर से मांगलिक कार्य शुरू हो पाएंगे।



हालांकि नए साल में खूब शादी-ब्याह होंगे। जून तक करीब पांच माह में ही 49 दिन शादी–ब्याह के पंचांगीय मुहूर्त रहेंगे।

#### मई में सबसे अधिक 16 दिन शादियां

नए साल में करीब पांच माह में 49 दिन शादी-ब्याह के विवाह मुहूर्त है। इनमें सबसे अधिक मई में 16 दिन विवाह मुहूर्त है। वहीं जून में 12 दिन शहनाइयां बजेगी। जबकि फरवरी में 11 दिन और जनवरी में 8 दिन विवाह मुहूर्त रहेंगे। इस बीच मार्च में भी दो दिन पंचांगीय विवाह मुहूर्त रहेंगे।

#### इस बार मकर संक्रांति दो दिन, पुण्यकाल 15 जनवरी को

इस बार मकर संक्रांति दो दिन मनाई जाएगी। माघ कृष्ण सप्तमी पर 14 जनवरी को पतंगबाजी होगी, वहीं दूसरे दिन अष्टमी पर 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पुण्यकाल रहेगा। ऐसे में इस बार मकर संक्रांति का उल्लास दो दिन रहेगा। दरअसल सूर्य इस बार 14 जनवरी को रात 8 बजकर 43 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे, पुण्यकाल इसके अगले दिन रहेगा। इस दिन सूर्योदय के साथ ही सुबह 7 बजकर 21 मिनट से पुण्यकाल शुरू हो जाएगा, जो सूर्यास्त तक शाम 5 बजकर 51 मिनट तक रहेगा।

#### 2023 में खूब होगी शादियां

**कब कितने रेखीय सावा**

| | |
|---|---|
| 15 जनवरी – 08 रेखा | 22 जनवरी – 10 रेखा |
| 25 जनवरी – 08 रेखा | 26 जनवरी – 08 रेखा |
| 27 जनवरी – 10 रेखा | 28 जनवरी – 08 रेखा |
| 30 जनवरी – 07 रेखा | 31 जनवरी – 07 रेखा |
| 6 फरवरी – 07 रेखा | 7 फरवरी – 07 रेखा |
| 8 फरवरी – 09 रेखा | 9 फरवरी – 09 रेखा |
| 10 फरवरी – 07 रेखा | 15 फरवरी – 08 रेखा |
| 16 फरवरी – 09 रेखा | 17 फरवरी – 09 रेखा |
| 21 फरवरी – 08 रेखा | 22 फरवरी – 08 रेखा |
| 23 फरवरी – 09 रेखा | 8 मार्च – 09 रेखा |
| 9 मार्च – 09 रेखा | 2 मई – 09 रेखा |
| 3 मई – 09 रेखा | 10 मई – 07 रेखा |
| 11 मई – 07 रेखा | 12 मई – 09 रेखा |
| 13 मई – 09 रेखा | 16 मई – 09 रेखा |
| 20 मई – 09 रेखा | 21 मई – 10 रेखा |
| 22 मई – 09 रेखा | 26 मई – 06 रेखा |
| 27 मई – 06 रेखा | 28 मई – 08 रेखा |
| 29 मई – 09 रेखा | 30 मई – 09 रेखा |
| 31 मई – 10 रेखा | 01 जून – 10 रेखा |
| 03 जून – 08 रेखा | 05 जून – 08 रेखा |
| 06 जून – 08 रेखा | 07 जून – 07 रेखा |
| 08 जून – 06 रेखा | 11 जून – 07 रेखा |
| 12 जून – 07 रेखा | 13 जून – 09 रेखा |
| 23 जून – 08 रेखा | 24 जून – 08 रेखा |
| 27 जून – 08 रेखा | |



जागरूक जनता
jagrukjanta.net
जागरूक & NEWS न्यूज


**सरकार की चौथी वर्षगांठ: गहलोत की मोदी सरकार से मांग, पूरे देश में लागू हो सोशल सिक्योरिटी**

# सीएम गहलोत बोले, जो वादे किए थे वो निभाए, प्रदेश में नहीं एंटी इनकंबेंसी

**सरकार के 4 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री गहलोत ने जवाहर कला केंद्र में किया 4 साल के विकास की प्रदर्शनी का उद्घाटन, सूचना जनसंपर्क विभाग का ऐप भी किया लॉन्च**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गहलोत सरकार के आज 4 साल पूरे हो गए हैं। सरकार के 4 साल के पूरे होने पर जवाहर कला केंद्र में आज विभागों के कामकाज की विकास प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया, साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सूचना जनसंपर्क विभाग के ऐप को भी लॉन्च किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी रहे। उसके बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विभागों की ओर से लगाई गई अलग-अलग विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इससे पहले प्रदर्शनी उद्घाटन के मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने कामकाज का बखान किया, साथ ही कहा कि गहलोत सरकार ने 4 साल में विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं। सीएम गहलोत ने यह भी साफ कर दिया कि ऐसा पहली बार हुआ जब 4 साल के बाद भी राजस्थान में एंटी इन्कमबेंसी नहीं है। सरकार ने गुड गवर्नेंस दिया है और लोगों को सरकार का मॉडल पसंद आया है।



## कोरोना काल में भीलवाड़ा मॉडल की दुनिया भर में तारीफ

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने कहा कि सरकार के 4 साल में से 2 साल कोरोना काल में बीत गए। कोरोना काल में सरकार ने शानदार कोरोना प्रबंधन किया और सरकार के भीलवाड़ा मॉडल की भारत ही नहीं पूरी दुनिया में तारीफ हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सरकार के भीलवाड़ा मॉडल की तारीफ की थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सरकार के भीलवाड़ा मॉडल की तारीफ की। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान में ऑक्सीजन की कमी से किसी की भी मौत नहीं हुई, जबकि बड़े-बड़े शहरों में क्या हालात हुए सभी को पता है। कोरोना काल में हमने कोई कमी नहीं रखी। केंद्र सरकार पर दबाव बनाया, उन्होंने कहा कि कोरोना काल में उन्होंने 500 बैठकें ली थी। कोई भूखा नहीं सोए इस थीम पर काम करते हुए प्रदेश में किसी को भी भूखा नहीं सोने दिया। सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, भामाशाहों और धार्मिक संगठनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### चुनाव घोषणा पत्र को बनाया सरकारी दस्तावेज

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि साल 2018 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जनता से पूछकर चुनाव घोषणा पत्र बनाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद जनता से पूछ कर चुनाव घोषणा पत्र तैयार किया गया। सरकार बनने के बाद चुनाव घोषणा पत्र को सरकारी दस्तावेज बनाते हुए उसे जन घोषणापत्र का नाम दिया गया और जन घोषणा को आधार बनाकर ही हर विभागों के फैसले हो रहे हैं। सीएम गहलोत ने कहा कि घोषणापत्र के अधिकांश वादे निभाए गए हैं लेकिन हो सकता है कुछ वादे अभी भी रह गए हों।

### सरकार की कई योजनाएं ऐसी जो देश में कहीं नहीं

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार ने कई ऐसी योजनाएं चलाई हैं जो देश में कहीं नहीं है। चिरंजीवी योजना, वृद्धावस्था पेंशन, राजीव गांधी अंग्रेजी सरकारी स्कूल, ओल्ड पेंशन स्कीम और निःशुल्क जांच योजना की चर्चा पूरे देश में है।

### 5वां बजट युवाओं को...

मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार का 5वां और अंतिम बजट युवाओं को समर्पित होगा। हम संवाद बैठकों के जरिए लोगों से सुझाव ले रहे हैं। अब तक 70000 सुझाव ऑनलाइन सरकार के पास आए हैं जिन्हें बजट में शामिल कराया जाएगा।

### मोदी सरकार ने मनरेगा पर खड़े किए थे सवाल

**गहलोत** ने कहा कि 2014 में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने यूपीए की मनरेगा योजना पर सवाल खड़े करते हुए कहा था कि योजना कांग्रेस का स्मारक बन गया है लेकिन अब मनरेगा योजना लोगों के काम आ रही है।






**मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता**

## कोविड़ मृतक आश्रितों को 50-50 लाख रुपए सहायता राशि के सौंपे चैक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अलवर दौरे के दौरान संवेदनशीलता दिखाते हुए कोरोना महामारी में ड्यूटी के दौरान मृतक राजकीय कर्मचारियों के आश्रितों को 50-50 लाख रुपए की सहायता राशि के चैक सौंपे। सनित कुमार (नीमराणा, अलवर) एवं रामेश्वर दयाल मीणा (रैणी, अलवर) पटवारी के पद पर कार्यरत थे। उक्त दोनों कार्मिक कोविड़-19 ड्यूटी करते समय संक्रमित हो गए तथा उपचार के दौरान सनित कुमार की 9 मई, 2021 एवं रामेश्वर दयाल मीणा की 16 मई, 2021 को मृत्यु हो गई थी। मुख्यमंत्री ने उक्त दोनों कार्मिकों के आश्रितों संजू पत्नी स्व. सनित कुमार एवं कान्ता बाई पत्नी स्व. रामेश्वर दयाल मीणा को 50-50 लाख रुपए की सहायता राशि के चैक सौंपे। उल्लेखनीय है कि गहलोत द्वारा कोरोना महामारी में राजकीय कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान कोविड-19 संक्रमण से मृत्यु होने पर 50 लाख रूपए की सहायता राशि देने की घोषणा की गई थी। पूर्व में राज्य सरकार द्वारा संजू पत्नी स्व. सनित कुमार को कनिष्ठ सहायक एवं श्रीमती कान्ता बाई पत्नी स्व. रामेश्वर दयाल मीणा को प्रयोगशाला सहायक के पद पर अनुकम्पात्मक नियुक्ति भी दी जा चुकी है। इस दौरान राजस्व मंत्री रामलाल जाट, राजस्थान राज्य बीज निगम अध्यक्ष धीरज गुर्जर, आरटीडीसी चेयरमेन धर्मेन्द्र राठौड़, विधायक राजेन्द्र पारीक, जिला कलक्टर अलवर जितेन्द्र सोनी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री का संवेदनशील निर्णय**

## मृतकों के आश्रित परिजन को संविदा रोजगार से मिलेगा सम्बल

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर के भूंगरा गैस सिलेण्डर दुर्घटना के पीड़ित परिवारों को लेकर संवेदनशील निर्णय लिया है। गहलोत ने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से पूर्व में घोषित 2 लाख रूपए की सहायता राशि को बढ़ाकर 5 लाख रूपए किया है। गहलोत ने पीड़ित परिवारों को संबल प्रदान करने के लिए संविदा पर रोजगार प्रदान करने हेतु निर्देश दिए हैं। जोधपुर के कीर्ति नगर में 8 अक्टूबर, को और भूंगरा गांव में 8 दिसंबर, को हुई दुर्घटना में व्यापक जनहानि को देखते हुए प्रशासनिक जांच के लिए संभागीय आयुक्त, जोधपुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी द्वारा गैस एजेंसियों, जिला प्रशासन के अधिकारी व मृतक के परिवार से जानकारी जुटाकर जांच रिपोर्ट एक माह में राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। जांच अधिकारी भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भी अपने सुझाव देंगे।

## हेमू कालाणी जन्म शताब्दी पर जन जागरण रथयात्रा रवाना



**जयपुर @ जागरूक जनता।** क्रान्तिकारी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी बलिदानी हेमू कालाणी के जन्म शताब्दी वर्ष में जयपुर से जन जागरण रथयात्रा रवाना हुई। शहर के अमरापुर स्थान से रवाना हुई यह जन जागरण रथ यात्रा प्रदेशभर में 5000 किलोमीटर दूरी तय करेगी और साथ ही 28 जिलों से होकर गुजरेगी। भारतीय सिंधू सभा राजस्थान की ओर से प्रमुख क्रांतिकारी वीर सपूत हेमू कालाणी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। अमरापुर स्थान पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने विधिवत पूजन अर्चन के बाद यात्रा का शुभारंभ किया, वहीं अमरापुर संत स्वामी भगत प्रकाश, क्षेत्रीय संघ प्रचारक निंबाराम ने धर्म ध्वजा फहराकर रथ यात्रा को रवाना किया। इस दौरान जयपुर में उपस्थित संत महात्माओं ने आशीर्वाद देकर धर्म जागरण व जन जागरण की मंगल कामना की गई।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



4 वर्ष
जनसेवा, सबका सम्मान
आगे बढ़ता राजस्थान
सेवा ही कर्म, सेवा ही धर्म

"राज्य की संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सरकार के सफल 4 वर्ष पूर्ण होने पर, मैं सभी को हार्दिक बधाई देते हुए प्रदेशवासियों की खुशहाली, सुख-समृद्धि, स्वस्थ जीवन और चहुंमुखी विकास की कामना करता हूं। आइए, हम सब मिलकर राजस्थान के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं संकल्पबद्धता से अपने कदम बढ़ाएं और मन, वचन व कर्म से इसमें सहभागी बनकर अपनी भूमिका निभाएं।"

**अशोक गहलोत**
**मुख्यमंत्री, राजस्थान**

मॉडल स्टेट राजस्थान

**मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना**
₹10 लाख का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा एवं ₹5 लाख का दुर्घटना बीमा। अब तक 27.60 लाख मरीजों को ₹3195 करोड़ का निःशुल्क इलाज।

**ओल्ड पेंशन स्कीम**
1 जनवरी 2004 से नियुक्त हुए सभी सरकारी कर्मचारियों को पूर्व पेंशन योजना (ओपीएस) लागू।

**सरकारी नौकरी**
1.36 लाख सरकारी नौकरी दी गई। 1.21 लाख सरकारी भर्तियां प्रक्रियाधीन। 1 लाख अतिरिक्त पदों पर भर्ती प्रस्तावित।

**इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना**
शहरों में 100 दिन के रोजगार की गारंटी। अब तक 3 लाख 50 हजार जॉब कार्ड जारी।

**राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल**
दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन। लगभग 30 लाख लोगों ने लिया भाग। शहरी ओलम्पिक खेल 26 जनवरी, 2023 से। ये खेल प्रतिवर्ष आयोजित होंगे।

**पालनहार योजना**
अनाथ एवं अन्य पात्रतानुसार बच्चों को प्रतिमाह ₹500 से ₹2500 की आर्थिक सहायता। अब तक 6 लाख 64 हजार बच्चे लाभान्वित।

**राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस**
प्रतिवर्ष 200 बच्चों की विदेश में पढ़ाई का खर्च सरकार द्वारा वहन।

**महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल**
राज्य में 1670 अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त शिक्षा।

**बालिकाओं को स्कूटी वितरण**
स्कूल व कॉलेज जाने वाली 20,000 बालिकाओं को प्रतिवर्ष स्कूटी का वितरण।

**मुख्यमंत्री निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना**
राजकीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के दो सैट निःशुल्क।

**मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना**
राजकीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को हर मंगलवार व शुक्रवार को दूध वितरण।

**टेक्नोलॉजी से विकास**
यूनीक आईटी इंस्टीट्यूट-राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल इंस्टीट्यूट, जोधपुर।
मेडि-टेक, क्लाइमेट टेक एवं एग्रीटेक आदि की उन्नत तकनीकों पर रिसर्च के लिए-राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड लर्निंग, जयपुर।
स्टार्टअप्स के लिए प्लग एंड प्ले फेसिलिटी-जयपुर, जोधपुर एवं कोटा में राजीव गांधी नॉलेज इनोवेशन हब।
फिनिशिंग स्कूल-R-CAT.

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन**
वृद्धजन, विशेष योग्यजन, विधवा, एकल नारी सहित लगभग एक करोड़ लोगों को दी जा रही है पेंशन।

**सस्ती घरेलू बिजली**
38.18 लाख परिवारों का बिजली बिल शून्य।

**किसानों को सस्ती बिजली**
कृषि बिजली दर में कोई वृद्धि नहीं, इसके लिए ₹16 हजार करोड़ का वार्षिक अनुदान।

**मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना**
किसानों को कृषि बिजली कनेक्शनों पर ₹1000 प्रतिमाह का अतिरिक्त अनुदान। 8 लाख किसानों का बिजली बिल शून्य।

**उड़ान योजना**
बालिकाओं व महिलाओं को प्रतिमाह 12 सैनिटरी नैपकिन निःशुल्क। लगभग 1.45 करोड़ किशोरियां एवं महिलाएं लाभान्वित।

**इंदिरा रसोई**
₹8 में पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन। प्रदेश में 951 इंदिरा रसोई संचालित। राज्य सरकार द्वारा प्रति थाली ₹17 का अनुदान।

**मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना**
दूध उत्पादकों को प्रति लीटर ₹5 का अनुदान। अब तक कुल ₹718 करोड़ का अनुदान।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

## सम्पादकीय

# एक और मनरेगा की जरूरत

आर्थिक वातावरण का माहौल वर्तमान में अनिश्चितता से घिरा हुआ है, क्योंकि आर्थिक नीतियों में समावेशी विकास का उद्देश्य स्पष्टता लिए हुए नहीं है। निजीकरण की सोच के प्रति झुकाव ने जहां अर्थव्यवस्था को तेजी दी, वहीं आर्थिक विषमता की समस्या को भी विकट बना दिया। आर्थिक असमानता आर्थिक विकास में बाधक है और सामाजिक समरसता के लिए भी एक बड़ी समस्या है। यह आम सोच बनती जा रही है कि अमीर के पास आर्थिक संपन्न होने के अधिक अवसर रहते हैं। यह अफसोसजनक है कि कोरोना महामारी के आर्थिक दुष्प्रभावों ने भी भारतीय समाज में आर्थिक असमानता को खूब बढ़ाया। महामारी के दौरान भी गरीब और अमीर के बीच की खाई और बढ़ गई। ध्यान रहे, भारत के सामने आज भी चुनौतियां अधिक और अवसर कम हैं। यह भी तथ्य है कि ज्यादातर लोग अपनी आय की निरंतरता को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। कुछ समय पहले जारी वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक की एक रिपोर्ट में यह बताया गया था कि भारत में गरीबी की दर 16.4 प्रतिशत है, जबकि 15 वर्ष पूर्व भारत में गरीबी की दर 55.1 प्रतिशत थी। इस रिपोर्ट के अनुसार बीते 15 सालों में यानी कि 2005- 6 से 2021-22 के दौरान 42 करोड़ लोग भारत में गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उधर लगातार बढ़ती जा रही बेरोजगारी की दर से यह सवाल उठता है कि क्या गरीबी दर में इसी तरह से तीव्र कमी को हम भविष्य में भी दर्ज कर पाएंगे?बेरोजगारी का शत प्रतिशत निवारण कभी भी संभव नहीं है, परंतु लगातार बढ़ रही बेरोजगारी आर्थिक विकास की दर को नकारात्मक भी कर सकती है। इससे प्रत्यक्षतः व्यक्ति की क्रय क्षमता प्रभावित होती है और फिर शुरुआत होती है मंदी के आगमन की, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान होता है। वास्तविकता में भारत को समग्र आर्थिक विकास के लिए मनरेगा जैसी एक और योजना की जरूरत है, जो कि गरीब परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान कर सके। ज्ञात रहे कि मनरेगा ने वर्ष 2006 से अब तक लगातार भारत में ग्रामीण विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किया है। आज तकरीबन 30 करोड़ आर्थिक रूप से पिछड़े ग्रामीण लोगों का मनरेगा बड़ा आर्थिक सहारा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार चालू तिमाही में पिछली तिमाही से करीब 20 प्रतिशत अधिक का रुझान मनरेगा में दर्ज हो रहा है। यह भी ज्ञात रहे कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट में मनरेगा के लिए तकरीबन 73,000 करोड़ रुपए का वित्तीय प्रावधान है। अगर अब आने वाली नीतियों में इसी तरह की एक अन्य आर्थिक योजना शुरू की जाए, जिसके माध्यम से समाज में आर्थिक रूप से पिछड़ों, बेरोजगारों और असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों को एक निश्चित धनराशि की आर्थिक सुविधा दी जाए, तो उससे जहां एक तरफ गरीबी की समस्या पर चोट होगी, तो वहीं दूसरी तरफ क्रय क्षमता में बढ़ोतरी होगी, जिससे आर्थिक विकास का चक्र तेजी से आगे बढ़ेगा। सबसे सकारात्मक बात यह भी है कि आज हर भारतीय के पास उसकी पहचान के लिए आधार है तथा जनधन योजना के बाद से बैंकिंग व्यवस्था के साथ भी ज्यादातर लोगों का जुड़ाव हुआ है। इसके अलावा डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना के माध्यम से समाज के ऐसे पिछड़े तबके को चिह्नित करके प्रत्यक्ष आर्थिक फायदा दिया जा सकता है। इस संदर्भ में यह चिंता व्यर्थ है कि क्या नकद आर्थिक सहायता देना कभी भी रोजगारों के सृजन का विकल्प बन सकती है? इस बात का विश्लेषण भी जरूरी है कि इसके माध्यम से अर्थव्यवस्था पर कितना आर्थिक बोझ आएगा, परंतु उस आर्थिक बोझ का समाधान ऐसी कराधान प्रणाली से हो सकता है, जो मध्यमवर्गीय लोगों को आर्थिक रूप से प्रभावित न करती हो और न ही महंगाई बढ़ाने का प्रत्यक्ष कारण बने।

**बात अगर सिर्फ विद्यार्थियों की हो, तो साफ कह सकते हैं कि घरवालों का दबाव और उनकी उम्मीदों का बोझ छात्रों की जिंदगी को मुश्किल, और मुश्किल बना रहा है। दबाव के कारण अवसाद उन्हें घेर लेता है और वे हथियार डाल देते हैं।**

# खुदकुशी के भयावह आंकड़ों का सच



**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**इन डरावने आंकड़ों के पीछे का सच क्या है? पढ़ाई का लगातार बढ़ता दबाव, परीक्षा में पिछड़ना या फिर प्रेम प्रसंग में नाकामी या आर्थिक तंगी? कारण कोई भी हो सकता है, लेकिन खुदकुशी के ज्यादातर मामलों में एक बात कॉमन है, और वो यह कि कोई भी शख्स मानसिक अवसाद की चरम स्थिति में ही खुदकुशी का रास्ता इख्तियार करता है।**



देश में हर घंटे एक छात्र आत्महत्या कर रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट हमें बताती है कि हर 55 मिनट में एक छात्र अपनी जान दे देता है। हाल ही में नेशनल ₹ इम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने हमें बताया कि साल 2021 में देश में 1 लाख 64 हजार से अधिक लोगों ने आत्महत्या की। औसतन लगभग 450 आत्महत्या रोजाना या हर घंटे करीब 18 केस। जाहिर है कि इन 18 मामलों में ज्यादातर विद्यार्थियों के हैं। राजस्थान पुलिस की स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020 में राज्य में आत्महत्या के कुल 5658 मामले सामने आए थे, जो कि 2019 की संख्या से काफी ज्यादा थे। आत्महत्या के मामले में अगर कोटा की बात करें तो कोटा सिटी में कुल 173 मामले और कोटा रूरल में 126 मामले सामने आए थे। एससीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान में साल 2019 के दौरान आत्महत्या के कुल 4531 मामले सामने आए थे। यह संख्या पिछले साल यानी 2018 से ज्यादा थी। रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान में साल 2018 में आत्महत्या के कुल 4333 मामले रिपोर्ट किए गए। यह संख्या 2017 (4188 मामले) से काफी अधिक थी।

आखिर इन डरावने आंकड़ों के पीछे का सच क्या है? पढ़ाई का लगातार बढ़ता दबाव या फिर आपसी गलाकाट प्रतिस्पर्धा? परीक्षा में पिछड़ना या फिर प्रेम प्रसंग में नाकामी? आर्थिक तंगी या फिर मनचाही नौकरी नहीं मिलना? कारण कोई भी हो सकता है, लेकिन खुदकुशी के ज्यादातर मामलों में एक बात कॉमन है, और वो यह कि कोई भी शख्स मानसिक अवसाद की चरम स्थिति में ही खुदकुशी का रास्ता इख्तियार करता है। और बात अगर सिर्फ विद्यार्थियों की हो, तो साफ कह सकते हैं कि घरवालों का दबाव और उनकी उम्मीदों का बोझ छात्रों की जिंदगी को मुश्किल, और मुश्किल बना रहा है। अभी कुछ अर्सा पहले एक ऑनलाइन काउंसलिंग सेवा योर दोस्त ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि कॅरियर की पसंद जबरन थोपने, फेल होने का डर और मानसिक अवसाद से जुड़ा सामाजिक कलंक अक्सर छात्रों को आत्मघाती बनने के लिए उकसाता है। कम उम्र की छात्र-छात्राओं पर तरह-तरह का दबाव है। कॅरियर के चयन को लेकर उनके सामने कई बार भारी असमंजस पैदा हो जाता है। ऐसे मामले में सही सलाह या मार्गदर्शन नहीं मिलने की वजह से ज्यादातर छात्र मानसिक अवसाद का शिकार हो जाते हैं। घरवालों के दबाव में मर्जी का कोर्स नहीं चुन पाने वाले छात्रों के भी मानसिक अवसाद में आकर आत्महत्या करने की प्रवृत्ति बढ़ जाती है। विशेषज्ञों में इस बात पर आम राय है कि उम्मीदों का भारी दबाव छात्रों के लिए गंभीर समस्या बन कर उभरा है। जब उनको समझ में आता है कि एक न्यूनतम डिग्री नहीं होने पर वह जीवन में कुछ नहीं कर सकते, तब उन पर मानसिक दबाव बढ़ने लगता है। निजी महात्वाकांक्षा के अलावा छात्रों पर घरवालों का भी दबाव रहता है।

माता-पिता अपने जीवन में जो नहीं कर सके, उसे अपनी संतान के जरिए पूरा करने का सपना देखने लगते हैं। इससे बच्चों पर अनावश्यक दबाव बढ़ता है। विशेषज्ञों का कहना है कि स्कूलों और उच्च-शिक्षण संस्थानों में भी काउसेंलिंग की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए. इससे स्थिति गंभीर होने से पहले ही छात्रों को बचाया जा सकेगा। छात्रों को यह समझाना होगा कि एक नाकामी या सामयिक कामयाबी ही जीवन में सबकुछ नहीं है। इसमें सरकार की खास भूमिका नहीं है। इसके लिए संस्थानों को समाजशास्त्रियों और गैर-सरकारी संगठनों की सहायता लेकर छात्रों और अभिभावकों में जागरुकता पैदा करनी होगी। इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों में मानसिक तनाव और आत्महत्या के बढ़ते मामलों को देखते हुए राजस्थान सरकार ने इसी साल नवंबर महीने में कोचिंग में पढ़ने वाले छात्रों को मानसिक सहायता और सुरक्षा प्रदान करने के लिए राज्य में चल रहे कोचिंग संस्थाओं के लिए गाइडलाइन जारी की थी। लेकिन इस गाइडलाइन का जमीनी असर देखने को नहीं मिला। 2017 में तत्कालीन कलेक्टर रवि कुमार सुरपुर ने हॉस्टल के मालिकों के साथ मीटिंग करके सुसाइड रोकने से संबंधित सुझाव दिए थे। उन्होंने हॉस्टल में एंटी-सुसाइड पंखे लगाने की बात कही थी यानी ऐसे पंखे, जो 20 किलो से अधिक वजन होने पर नीचे गिर जाते हैं और हूटर बजने लगता है। इस तरह के पंखों का डेमो भी करवाया गया था। कलेक्टर रवि कुमार सुरपुर ने उस वक्त सभी हॉस्टल को चेक करवाया और इसके बाद टीम बनाई गई थी। इस दौरान टाटा रिचर्स इंस्टीट्यूट की एक टीम कोटा भी आई थी, उन्होंने भी सुझाव को कारगर माना था। ये योजना कलेक्टर रोहित गुप्ता के समय तक चली, पर उनके जाने के बाद फिर से लापरवाही शुरू हो गई और हॉस्टल में सामान्य पंखे लगाए जाने लगे।

देश में आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए हाल ही केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने देश में अपनी तरह की पहली राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति की घोषणा की है। इसके अंतर्गत साल 2030 तक आत्महत्या के कारण मृत्युदर को 10 फीसदी तक कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार की इस पहल का स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने स्वागत करते हुए इससे आत्महत्या रोकथाम की दिशा में बेहतर कदम बताया है। आत्महत्या रोकथाम रणनीति के बारे में जारी नोट में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है, देश में बढ़ रहे आत्महत्या के मामलों को रोकने के लिए हमें अब और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

सरकार ने इस घोषणा में आत्महत्या रोकथाम को पाठ्यक्रम में शामिल करने का भी लक्ष्य रखा है। योजना के तहत अगले आठ वर्षों के भीतर सभी शिक्षण संस्थानों में इसे पाठ्य₹ म में शामिल किया जाएगा, जिससे प्राथमिक स्तर पर बच्चों के इस बारे में शिक्षित किया जा सके। लक्ष्य के मुताबिक आत्महत्याओं के मामलों को लेकर जिम्मेदार मीडिया रिपोर्टिंग और आत्महत्या के साधनों तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के लिए भी दिशानिर्देश तैयार करने की योजना बनाई जाएगी। लेकिन चिंता की बात यह है कि इस तरह के दिशानिर्देश पहले भी कई बार जारी किए गए, लेकिन प्रभावी तौर पर अमल नहीं होने से हालात में बदलाव नहीं आ पाया। आखिर साल-दर-साल गहरी होती इस समस्या पर अंकुश कैसे लगाया जा सकता है? इस बात पर विशेषज्ञों में आम राय है। उनका कहना है कि इसके लिए घर से ही पहल करनी होगी। अभिभावकों को अपने बच्चों पर उम्मीदों का भारी बोझ लादने से बचना होगा।

# लाईक, शेयर, फोलो



**नविता मिश्रा**
इन्टरप्रेन्योर
@jagrukjanta.net

तकनीकी क्रांति में हमारे जीवन को नई ऊर्जा से भर दिया है, हमें जीवन को आसान बनाने की नई पद्धतियां उपलब्ध करा दी है।नए और दूरदराज लोगों से आसानी से मेल मिलाप और वार्तालाप का सेतु मुहैया करा दिया गया है। अब हम गांव में बैठे चाचा से लेकर विदेश में रहने वाली बहन से मानो आमने सामने बैठ कर बात कर सकते हैं। जो एक काल्पनिक कथा का वाक्यासा लगता था, वह तकनीक ने वास्तविकता में बदल दिया है।जो विचारों में हो सकता है उसको वास्तविक बनने में बस एक एप्लीकेशन या सॉफ्टवेयर की जरूरत है। वर्तमान में युवाओं के पास और असमित साधन है, जिससे वह अपना जीवन यापन आसानी से कर सकते हैं। मगर आसान जीवन कहां भा रहा है अब किसी को जब चारों ओर एक जाल इंटरनेट या वेब सबको घेरे बैठा हो।इस तकनीक ने हमें नई विषय- वस्तु से जोड़ा है, और हां परिवर्तन प्रकृति का नियम भी तो है किंतु परिवर्तन में प्रकृति से मुंह फेर लेना अज्ञानता है।आज के तकनीकी दौर में हम हमारी रूचि के अनुसार अपने फोन से या लैपटॉप के जरिए लोगों को फॉलो करते हैं, बिल्कुल सही समझा उनका पीछा करते हैं। वह जो कहते हैं, रचते हैं, हम उन से सीखते हैं। वैसे ही बनना चाहते हैं। युवा पीढ़ी इन लोगों के पीछे बावली है, उन्हे "इन्फ्लूएंसर" कहते हैं।

मगर इन सब में हम सबसे बड़ी इनफ्लुएंसर मां प्रकृति से दूर हो रहे हैं। किसी इतवार को एक पौधे पर खिलते हुए फूल को फॉलो करें, उसके खिलती-खुलती पंखुड़ियों को देखें, अल सुबह से धूप चढ़े तक पूरी तरह खिले हुए फूल को देखें, चिड़ियों को एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर उड़ते हुए देखें, दाना दाना लाकर अपने बच्चों का भरण पोषण करते देखें, सूरज के उगने और छिपने को शांत मन मस्तिक से निहारे, पहाड़ों के बीच कलरव करती नदी और झरनों को देखें, यकीन मानिए आपके पूरे सप्ताह की भागदौड़ और बेचैनी को सुकून देने वाला क्षण होगा।चलिए एक घटना आपसे साझा करती हूं यानी शेयर करती हूं, घर के पास के ही एक बगीचे में बच्चों के साथ बैठी थी, वहां एक सज्जन जो शायद अपने दफ्तर से आते समय उस बगीचे में अपने लैपटॉप पर काम करते हुए अपना टिफिन खोलकर कुछ खा रहे थे, कुछ गिलहरियां उन सज्जन के पास आइ उन्होंने गिलहरीयों के लिए अपने डिब्बे में से कुछ खाना रख दिया, गिलहरियां भी बड़े चाव से बिना झिझक के वहां अपने हिस्से का नाश्ता ले कर चली गई। उन्होंने मुझे बताया कि यह उनकी दिनचर्या का हिस्सा है आश्चर्य है ना। ऐसे ही किसी प्रकृति के मित्रों से मित्रता कीजिये, उन्हें लाइक, शेयर, फॉलो करें और अपने बच्चों की दिनचर्या का हिस्सा बनाएं ताकि, चाहे वह गाय की पहली रोटी हो, या कुत्ते की आखिरी रोटी, सुबह पक्षियों का दाना हो, या मछलियों के लिए आटे की गोलियां। ताकि पिता की भांति भरण पोषण करने वाली तकनीकी के साथ जीवनदायिनी मां प्रकृति से भी आने वाली पीढ़ी का रिश्ता बना रहे।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सिनेमा की शक्ति

**अपराध** की छोटी-बड़ी घटनाओं के सहारे पूरी फिल्म इंडस्ट्री को बदनाम करने का ट्रेंड भी कुछ समय से काफी मजबूत होता दिखा है। शाहरुख खान की आने वाली फिल्म पठान को लेकर उठे मौजूदा विवाद में भी इस फिल्म को प्रदर्शित करने वाले सिनेमा हॉल को जलाने तक की बात खुलेआम की जा रही है और इस पर अभी तक किसी के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की कोई सूचना नहीं है। बॉलिवुड के दो सबसे बड़े सितारे, अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान गुरुवार को एक मंच पर थे। कोलकाता इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए दोनों में से किसी ने भी हालिया विवादों का सीधे तौर पर जिक्र नहीं किया, लेकिन सशक्त अंदाज में मौजूदा दौर की उन प्रवृत्तियों को रेखांकित कर गए, जो देश में सिनेमाई रचनात्मकता के मार्ग में एक बड़ी बाधा के रूप में देखी जा रही है। शाहरुख खान की आने वाली फिल्म 'पठान' के गाने को लेकर उठा वह विवाद तो इन खतरों का सिर्फ एक पहलू है, जिसमें गाने को भगवे का अपमान बताया जा रहा है। कथित फ्रिंज एलीमेंट्स की बात तो छोड़िए, एक राज्य के गृहमंत्री तक ने गाने को आपत्तिजनक बताते हुए कहा है कि दीपिका कुछ साल पहले जेएनयू जाकर टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन करके अपनी मानसिकता का परिचय दे चुकी हैं। समझा जा सकता है कि किसी फिल्म का या उसमें दिखाए गए किसी शॉट का मूल्यांकन करने के लिए आज सरकार से जुड़े लोग भी किस-किस तरह की कसौटियां आजमा रहे हैं। यही कारण है कि बॉलिवुड में किसी भी नए प्रॉजेक्ट के लिए विषय का चयन एक बड़ी समस्या बन गया है। कोई नहीं जानता कि किस विषय से जुड़े किस पहलू को उभार कर फिल्म को विवादों में घसीट लिया जाएगा। मौजूदा विवाद में भी इस फिल्म को प्रदर्शित करने वाले सिनेमा हॉल को जलाने तक का आह्वान खुलेआम किया जा रहा है, लेकिन अभी तक उन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने की कोई सूचना नहीं है। फिर भी, यह उन खतरों का सिर्फ एक पहलू है। अपराध की छोटी-बड़ी घटनाओं के सहारे पूरी फिल्म इंडस्ट्री को बदनाम करने का ट्रेंड भी कुछ समय से काफी मजबूत होता दिखा है। चूंकि फिल्म इंडस्ट्री का अस्तित्व काफी हद तक समाज के बड़े हिस्से की फैन फॉलोविंग पर भी निर्भर करता है, इसलिए उसकी या उससे जुड़े व्यक्तित्वों की छवि पर हमला उसके रेवेन्यू मॉडल पर हमला है, जिसे हलके में लेना खुद इस इंडस्ट्री के लिए घातक हो सकता है। इन खतरों का तीसरा रूप है इंडस्ट्री के अंदर देखा जा रहा वैचारिक विभाजन। हालांकि विचार रचनात्मकता को धार देने वाली चीज है, इसलिए वैचारिक आग्रह पहली नजर में नेगेटिव नहीं माने जा सकते, लेकिन इस समय दिख रहे विभाजन की खासियत यह है कि इसमें रचनात्मकता को ही ताक पर रख दिया गया है। वरना ऐसा नहीं होता कि गोवा फिल्म फेस्टिवल के लिए देश से भेजी गई फिल्म को जूरी का अध्यक्ष सार्वजनिक रूप से वल्गर और प्रोपेगैंडा फिल्म बताता, पूरी जूरी उसके बयान के साथ खड़ी होती और हमारी फिल्म इंडस्ट्री शर्मिंदा होने के बजाय विरोधी और समर्थक में बंटी एक-दूसरे पर हमला करती नजर आती।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



शून्य कुछ न होने पर भी, गणित के अनुसार अनन्त शक्ति की सामर्थ्य रखता है। शून्य का कोई स्वरूप नही होता। हम व्यवहार के लिए एक बिंदू के रूप में शून्य को पहचानते हैं। वह भी काल्पनिक। जैसे निर्गुण ब्रह्म की पहचान सगुण रूप में करते हैं, वैसे ही अन्त सामर्थ्य वाले शून्य की पहचान बिन्दू रूप से करते हैं। ब्रह्म और शक्ति अभेद हैं, जैसे जल और उसकी हिम शक्ति। पुरुष जब दिगम्बर है तब भी पुरुष है और कपड़ा पहन लिया तब भी पुरुष है। निष्क्रिय ब्रह्म जब शक्ति को साथ लेकर सृष्टि करते हैं तब भी ब्रह्म हैं। यह अनित्य संसार भी ब्रह्म में ही है, किंतु इससे उनमें कोई फर्क नहीं पड़ता। जैसे सांप के भीतर विष है, परंतु सांप को इससे कुछ नहीं होता। जिसे वह काटता है, उसी के लिए जहर है। सच्चिदानन्द ब्रह्म ऊपर-नीचे जल से पूर्ण महासमुद्र है। जल के भीतर जल से भरा घट जीव है। घट के भीतर भी पानी है और बाहर भी पानी है, परन्तु घट को बिना फोड़े यथार्थ में उसका जल समुद्र से एकाकार नहीं होता। **क्रमशः**

# कोचिंग की गलाफाड़ होड में असहाय न हो जाएं बच्चे



**चेतेन्द्र मिश्रा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

हाल ही में कोटा (राजस्थान) के कोचिंग इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले तीन किशोर उम्र के छात्रों द्वारा की गई आत्महत्या ने हमें झकझोर दिया है। जरा सोचिए, बिहार और मध्य प्रदेश के मूल निवासी इन छात्रों के माता-पिताओं ने उन्हें कोटा में दाखिला दिलाने के लिए कैसे धन जुटाया होगा? उन्होंने अपने बेटों के भविष्य के बारे में न जाने कितने खूबसूरत सपने देखे होंगे? प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या हमारी सरकारें, समाज, शिक्षक और अभिभावक इन हादसों से कोई सबक ले पाएंगे?

हमारे देश में पढ़ाई के दबाव में युवा विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या की प्रवृत्ति नई बात नहीं है, पर पिछले दशक में इसमें बेतहाशा वृद्धि देखी गई है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था की यह एक बड़ी विफलता नहीं है कि किशोर और युवा उम्र के विद्यार्थी परीक्षा में नाकामयाबी के भय से अपने जीवन को खत्म करने पर मजबूर हो जाते हैं? कोटा और देश के अन्य स्थानों पर युवा विद्यार्थियों में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाएं हमारे समाज में मानसिक स्वास्थ्य, विशेष तौर पर अवसाद से पैदा होने वाले खतरों के प्रति एक गहरी उदासीनता प्रदर्शित करती हैं। युवाओं की अन्य शारीरिक बीमारियां परिजनों, मित्रों और शिक्षकों को कुछ संकेत जरूर देती हैं, किंतु मानसिक रोगों के संकेतों को समझ पाने की चेतना हम शायद अभी तक विकसित नहीं कर पाए हैं। मानसिक स्वास्थ्य का संकट भारत में ही नहीं, पूरे संसार में तेजी से दावानल की तरह फैल रहा है। कोविड के दौर में यह और व्यापक व सघन हुआ है। समाजशास्त्री, मनोचिकित्सक और विश्व स्वास्थ्य संगठन इस बाबत चेतावनी देते रहे हैं।

हमारे देश में कोटा शहर संगठित कोचिंग उद्योग का सबसे बड़ा केंद्र है। यह देश में कोचिंग उद्योग का सबसे बड़ा केंद्र केसे बना, इसकी भी दिलचस्प कहानी है। 4994 के बाद के उदारीकरण के दौर में भारत के निर्माण उद्योगों का धीरे-धीरे पराभव होने से कोटा के उद्योग-धंधे रुगणता का शिकार होते गए। वैसे यहां पर कोचिंग उद्योग की शुरुआत 985 के आसपास हुई, जब जे के सिंथेटिक्स कंपनी में 974 से कार्यरत इंजीनियर वी के बंसल ने बंसल क्लासेज के अंतर्गत आईआईटी की प्रवेश परीक्षा हेतु कोचिंग देना शुरू किया। पिछले दस साल में तो कोटा कोचिंग उद्योग के बाहुबलियों के लिए कॉरपोरेट जंग का अखाड़ा बन गया है। यहां हर साल दो से तीन लाख विद्यार्थी प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं। यहां किशोर और युवा विद्यार्थियों की बढ़ती आमद, छात्रावास में रहने के बुरे हालात और गलाकाट प्रतिस्पद्र्धा के माहौल में हजारों विद्यार्थियों का मोहभंग, अवसाद और फिर आत्महत्या की प्रवृत्ति का अच्छा चित्रण ओटीटी पर जारी कोटा फैक्टरी (2024) में किया गया था। 46-7 वर्ष के बच्चों का होस्टलों में रहना, कोचिंग में अति प्रतिस्पद्र्धी माहौल में पढ़ना, दोनों स्थानों पर खेलकूद व मनोरंजन की सुविधाओं की कमी और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं के निदान हेतु डॉक्टरों व काउंसलर का अभाव यहां आम है। चौतरफा दबाव के माहौल में जी रहे इन बच्चों की ओर अगर अभिभावक, दोस्त, शिक्षक और कोचिंग संस्थान अपना हाथ न बढ़ाएं, तो उन्हें कैसे मजबूती मिलेगी? राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट बताती है कि विद्यार्थियों में आत्महत्या के मामले पिछले दो वर्षों (2020-2022) में तेजी से बढ़े हैं। साल 2020 में 42,526 विद्यार्थियों ने खुदकुशी की, जिनकी संख्या 2024 में 43,089 हो गई। इसका मुख्य कारण परीक्षा का डर बताया गया था। वर्ष 2047-8 में राज्य सरकार ने जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति नियुक्त की थी, पर धरातल पर कुछ नहीं दिखा। क्या स्वयं अभिभावक, शिक्षक या कोचिंग सेंटर बचाव के लिए ठोस पहल कर रहे हैं? विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति समाज, संस्कृति, शिक्षा व्यवस्था और अर्थव्यवस्था की मूल विफलताओं से जुड़ी है। हम जब तक सफलताओं के साथ विफलताओं को भी सहजता से लेने वाला समाज नहीं बनाएंगे, तब तक समाधान नहीं निकलेगा। करोड़ों का मुनाफा कमाने वाली कोचिंग कंपनियों को अपनी जिम्मेदारियों से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। क्या नई शिक्षा नीति में इस आपदा से हमारी युवा पीढ़ी को बचाने की कोई योजना है?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## कविता

### खुश हूँ पर संतुष्ट नही "



**शिवम त्रिपाठी**
विद्यार्थी
@jagrukjanta.net

ठहरा हूँ पर थका नहीं, निःशब्द हूँ पर मूक नहीं,
ठोकर खाया खोकर पाया
गिरकर भी मैं रुका नहीं
खुश हूँ पर संतुष्ट नही, आत्मा
से रुष्ठ नही ॥
*****
जिन्दगी में जाल है, इच्छाओं में
उबाल है, साधन नही पास में पर
साधना कमाल है, भूला हूँ पर
खोया नही, मुद्रा में हूँ सोया
नहीं।
खुश हूँ पर संतुष्ट नहीं आत्मा से रुष्ठ नहीं।।
***********
नया नया ये खून है, जिगर में जुनून है,
सुदूर का ये लक्ष्य है, पर भूत मेरा साक्ष्य है,
लड़ा हूँ मैं हारा नहीं, कमजोरियों का मारा नही,
खुश हूँ पर संतुष्ट नही आत्मा से रुष्ठ नही ।।
***********
तो क्या हुआ मैं वहाँ नही, पर समय भी तो रूका नही,
माना मेरे में दोष है, पर दिल में मेरे होश है,
जाने का गर उल्लास है ,आकाश भी तब पास है,
लूँगा समय पहुँचने तक मैदान से मैं भागा नहीं,
खुश हूँ पर संतुष्ट नही आत्मा से रुष्ठ नही।।
***********
किम्मत न मेरे साथ थी तो क्या नई ये बात थी,
जीने का यही सलीका है, असफलताओं से मैने सीखा है,
हारा हूँ मैं हालात से न मात खुद से खाई है,
ठोकरो से लड़कर ही किस्मत मैने बनाई है।
***********
"सहज हूँ पर महज नहीं",
खुश हूँ पर संतुष्ट नही आत्मा से रुष्ठ नहीं।"

*(लेखक काशी हिंदू विश्वविद्यालय का छात्र है)*

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



माहिरा डॉटर समीर मलिक, जयपुर

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 21/12/2022**

**सूर्योदय** : 07:20 **सूर्यास्त** : 17:21 **चन्द्रोदय** : 04:46 **चन्द्रास्त** : 15:23 **शक सम्वत** : 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना** : मार्गशीर्ष **पूर्णिमांत** : पौष **सूर्य राशि** : धनु **चन्द्र राशि** : वृश्चिक **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : त्रयोदशी, 22:11 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1944 शुभकृत **विक्रम सम्वत** : 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत** : 2079 आनन्द **चन्द्रमास पौष** : पूर्णिमान्त **मार्गशीर्ष** : अमान्त।

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : विशाखा, 08:26 तक
**योग** : धृति, 21:17 तक
**प्रथम करण** : गारा, 11:32 तक
**द्वितिय करण** : वणिजा, 22:11 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 05:19 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:46 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | 11:58 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:01 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:25 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 05:28 पी एम से |
| अमृत काल | 01:20 ए एम, दिसम्बर 20 से |
| निशिता मुहूर्त | 11:51 पी एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : पूर्व में
राहु काल वास उत्तर-पश्चिम में
चन्द्रवास : पश्चिम
कुंभ चक्र: तल

### चौघड़िया

**दिन का चौघड़िया**

| | |
|---|---|
| लाभ | : 07:19 - 08:34 |
| अमृत | : 08:34 - 09:50 |
| काल काल वेला | : 09:50 - 11:05 |
| शुभ | : 11:05 - 12:20 |
| रोग वार वेला | : 12:20 - 01:35 |
| उद्वेग | : 01:35 - 02:50 |
| चर | : 02:50 - 04:05 |
| लाभ | : 04:05 - 05:20 |

**रात का चौघड़िया**

| | |
|---|---|
| उद्वेग | : 05:20 - 07:05 |
| शुभ | : 07:05 - 08:50 |
| अमृत | : 08:50 - 10:35 |
| चर | : 10:35 - 12:20 |
| रोग | : 12:20 - 02:05 |
| काल | : 02:05 - 03:50 |
| लाभ | : 03:50 - 05:35 |
| उद्वेग | : 05:35 - 07:20 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज त्रयोदशी

**आज कौन सा कार्य करें**

राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

पौश, कृष्ण, त्रयोदशी, 2079 बुधवार, 21 दिसम्बर - 27 दिसम्बर, 2022

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे। परिवार के साथ मिलकर किसी शुभ आयोजन या पर्यटन के अवसर मिलेंगे।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा। लेकिन मिजाज का पता नही रहेगा रंग में भंग भी डाल सकती है।

**वृषभ** (ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)
क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, नू,या,यी,यू)
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** (क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह)
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे)
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** (हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** (भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,)
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** (गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा)
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है।

**मीन** (दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि)
कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

**कर्मचारी चयन बोर्ड ने शिक्षक भर्ती परीक्षा की विज्ञप्ति की जारी**

# आज से आवेदन शुरू, 48 हजार पदों पर होगी शिक्षकों की भर्ती

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के लाखों अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया है। कर्मचारी चयन बोर्ड ने शिक्षक भर्ती परीक्षा की विज्ञप्ति बीते दिनों जारी कर दी है। इसके तहत प्रदेश में अब 48 हजार पदों पर शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए 21 दिसंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। 19 जनवरी तक यह प्रक्रिया चलेगी। 25 से 28 फरवरी तक परीक्षा होगी।

### लेवल-2 में बढ़े 1500 पद

26 सितंबर 2021 को 15 हजार पदों पर आयोजित रीट लेवल-2 का पेपर आउट होने के बाद सरकार ने रद्द कर दिया था। इसके बाद CM अशोक गहलोत ने 2022 में कुल 31 हजार 500 पदों पर लेवल-2 की भर्ती निकाली। इसमें लेवल-2 के पुराने 15 हजार पद भी शामिल थे। भर्ती विज्ञप्ति जारी होने के पहले सरकार ने एक बार फिर लेवल-2 के पदों को घटाकर लेवल-1 के पदों में बढ़ोतरी कर दी थी। इसके बाद प्रदेशभर के युवाओं ने सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक इसे लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। युवाओं के विरोध के बाद अब सरकार ने लेवल-2 में भी 1500 पदों की संख्या में इजाफा किया है।

### क्या है लेवल-1 और लेवल-2

**राजस्थान** में ग्रेड थर्ड टीचर्स के लिए लेवल-1 और लेवल-2 दो अलग-अलग परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें लेवल-1 की परीक्षा में सिर्फ एसटीसी किए हुए उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे। इन्हें कक्षा 1 से 5वीं क्लास तक पढ़ाने का मौका मिलेगा। वहीं, लेवल-2 की परीक्षा के लिए सिर्फ बीएड डिग्रीधारी उम्मीदवार ही आवेदन कर सकेंगे। इन्हें कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को पढ़ने का मौका मिलेगा। लेवल-1 और लेवल-2 दोनों ही परीक्षा के पेपर अलग अलग परियों में आयोजित किए जाएंगे।

#### रद्द की गई थी लेवल-2 की परीक्षा

**राजस्थान** में 31 हजार पदों के लिए 25 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों की पिछले साल सितंबर को रीट परीक्षा आयोजित कराई गई थी। इसके 36 दिन बाद रीट का रिजल्ट जारी कर दिया गया था। इसमें से 11 लाख चार हजार 216 को पात्र घोषित किया गया था। इनमें लेवल-1 के लिए 3 लाख तीन हजार 604 और लेवल-2 के लिए 7 लाख 73 हजार 612 को पात्र घोषित किया गया था। भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद लेवल-2 के पेपर के लीक होने संबंधी विवाद में सरकार ने लेवल-2 की परीक्षा को रद्द कर दिया।

### 8 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स होंगे मुख्य परीक्षा में शामिल

**23-24** जुलाई को हुई रीट-2022 के रिजल्ट के अनुसार, लेवल-2 की परीक्षा में 6,03,228 अभ्यर्थी पात्र घोषित किए गए हैं, जबकि रीट लेवल-1 की परीक्षा में 2,03,609 अभ्यर्थी पात्र घोषित किए गए। ऐसे में राजस्थान के सरकारी स्कूल के टीचर के एक पद के लिए 603 उम्मीदवार मैदान में होंगे।

---

**हाउसिंग बोर्ड में भर्ती की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू**

# 258 पदों पर एग्जाम करवाने के लिए एजेंसी हायर करने की प्रक्रिया शुरू

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान हाउसिंग बोर्ड 311 पदों में से 258 पदों पर भर्ती के लिए एजेंसी हायर करने की तैयारी शुरू कर दी। इसके लिए बोर्ड प्रशासन ने एजेंसियों से प्रस्ताव (ईओआई) मांगे है। संभावना है कि अगले साल जुलाई तक इन सभी पदों पर भर्ती पूरी कर ली जाएगी। इन भर्तीयों के लिए रिर्टन एग्जाम करवाए जाएंगे। इसके अलावा शेष 53 राजपत्रित अधिकारियों के पदों पर भर्ती के लिए प्रस्ताव आरपीएससी को भिजवाया जाएगा। हाउसिंग बोर्ड चीफ इंजीनीयर जी.एस. बाघेला ने बताया कि बोर्ड में करीब 30 साल कर्मचारियों की भर्ती करने जा रहे है। वर्तमान में करीब 750 स्थायी, जबकि 475 अस्थायी (125 रिटायर, 250



कॉन्ट्रैक्ट-संविदा पर अलग-अलग पदों पर) कर्मचारी काम कर हैं। बोर्ड ने साल 1992 के बाद से किसी भी पद पर भर्ती नहीं की है।आपको बता दें कि कुछ समय पहले हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने इस भर्ती के लिए एक सेल का गठन किया था। इसमें चीफ इंजीनीयर जी.एस. बाघेला के अलावा फाइनेंस के डिप्टी एडवाइजर ओ.पी. बुटोलिया, एडिशनल चीफ टाउन प्लानर अनिल माथुर, डिप्टी हाउसिंग कमिश्नर विजय अग्रवाल, ज्वाइंट डायरेक्टर (कम्प्यूटर) अनुज माथुर और विधि शाखा के डिप्टी सलाहकार सुरेश अग्रवाल को शामिल किया है। इसी कमेटी को भर्ती से संबंधित नियम-कायदे निर्धारित करने और भर्ती के लिए एग्जाम करवाने वाली एजेंसी का चयन करने का जिम्मा सौंपा गया है।

### इन पदों पर होगी

**हाउसिंग** बोर्ड की ओर से जिन 258 पदों पर भर्ती की जाएगी उसमें 100 जेईएन, 50 जूनियर अकाउंटेंट, 50 जूनियर असिस्टेंट, 6 असिस्टेंट प्रोग्राम, 18 सूचना सहायक और 34 टाउन प्लानिंग शाखा (ड्राफ्टमैन) की पोस्ट पर भर्ती की जाएगी। वहीं आरपीएससी के माध्यम से 48 प्रोजेक्ट इंजीनियर (सीनि.), प्रोग्रामर 1 व असिस्टेंट टाउन प्लान के 4 पदों पर भर्ती करवाई जाएगी।

---

# मुंबई के लिए स्पेशल ट्रेन 24 से, बीकानेर से सप्ताह में एक दिन चलेगी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विंटर वेकेशन सीजन और सावो के कारण राजस्थान से मुंबई जाने वाले यात्रियों की संख्या में इजाफा होने लगा है। इसे देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने बीकानेर से मुंबई के बीच एक स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन चलाने का निर्णय किया है। ये ट्रेन 24 दिसंबर से हर शनिवार को चलेगी। अगले साल 28 जनवरी तक संचालित की जाएगी। ये ट्रेन बीकानेर से चलकर चूरू, सीकर, जयपुर, कोटा के रास्ते बांद्रा टर्मिनस तक चलेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे से जारी शेड्यूल के मुताबिक गाड़ी संख्या 04711 ट्रेन 24 दिसंबर से हर शनिवार को बीकानेर से दोपहर 12.15 बजे रवाना होगी। जो श्रीडूंगरगढ़, राजलदेसर, रतनगढ़, चूरू, फतेहपुर शेखावाटी, लक्ष्मणगढ़, सीकर, रींगस, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, नागदा, रतलाम, वडोदरा, सूरत और बोरीवली होते हुए बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। रिटर्न में गाड़ी संख्या 04712 बांद्रा टर्मिनस से 25 दिसंबर से हर रविवार शाम 7.25 बजे रवाना होगी और इन्हीं स्टेशनों से होते हुए अगले दिन रात 12 बजे तक बीकानेर पहुंचेगी।

---

**अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन**

# गुलाबी नगरी में अग्र महाकुंभ 8 व 9 अप्रैल को

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का द्वितीय ऐतिहासिक राष्ट्रीय महा अधिवेशन आगामी 8 एवं 9 अप्रैल 2023 को अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल, उपाध्यक्ष मीणा गोयल, सचिव प्रदीप सराफ, कोषाध्यक्ष गणेश भरतिया, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी मनीषा मित्तल, राष्ट्रीय संयोजक संगठन अजय कांत गर्ग, राष्ट्रीय सलाहकार कृष्णा भिवानी वाला, राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी कन्हैया गोयल, राष्ट्रीय महिला सचिव उमा बंसल, अग्र ज्योति मासिक सन्देश सम्पादिका उषा केडिया एवं समस्त 23 कार्ययोजनाओं के राष्ट्रीय संयोजक के नेतृत्व मे राजस्थान प्रांतीय इकाई के आतिथ्य में जयपुर के स्टारडम रिसोर्ट में आयोजित किया जाएगा।

राजस्थान प्रदेश जहां धार्मिक क्षेत्र है, वही जयपुर आराध्य देव श्री राधा गोविन्द देव जी, खाटू श्यामजी, राणीसती दादीजी झुंझुनूं, सालासर बालाजी धाम, श्री मेहंदीपुर बालाजी, जीण धाम, मां शाकंभरी माता, अनेकों सती माताओं के मंदिर जैसे पवित्र धार्मिक स्थल यहां हैं। पधारे हुए सभी अग्र बंधु सभी अपने देव स्थान का दर्शन भी करेंगे। अधिवेशन हेतु आगामी दिनों में शीघ्र ही अग्रिम पंजीयन प्रारंभ किया जाना है।

राष्ट्रीय संयोजक अग्र जन सम्पर्क अभियान ओम प्रकाश अग्रवाल एवं राष्ट्रीय संयोजक वैवाहिक परिचय सम्मेलन पवन कुमार मित्तल ने बताया कि समय समय पर अधिवेशन से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारियां शीघ्र ही सोशल मिडिया के माध्यम से सभी अग्र बन्धुओ को प्रेषित की जाएगी एवं इस अधिवेशन को यादगार बनाने हेतु आप सभी से भी सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे, आप सभी से आग्रह है कि अधिवेशन से संबंधित पोस्ट पर आप भी अपनी सक्रियता दिखाते हुए अपने अमूल्य सुझाव अवश्य दें। अधिवेशन मे जहां राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक, राष्ट्रीय सामान्य सभा, राष्ट्रीय खुला शत सत्र भी होगा तो वही संगठन हित मे सुझाव आमंत्रित किये जायेंगे, साथ ही इस राष्ट्रीय अधिवेशन मे देश के बिभिन्न क्षेत्रो से सफलता अर्जित करने वाली समाज की हस्तियों का भी सम्मान होगा।

---

# राजस्थान में नई 167 एम्बुलेंस मिली

**108 सर्विस के बेड़े में शामिल की, जयपुर को 15 गाड़ियां मिली**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में चल रही 108 एम्बुलेंस सर्विस के बेड़े में 167 नई एम्बुलेंस और शामिल की गई है। ये एम्बुलेंस आज जिलेवार आवंटित करके जयपुर से रवाना की गई है। इन एम्बुलेंस के शामिल होने से छोटे शहरों में भी मरीजों को अब एम्बुलेंस के लिए ज्यादा समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी ने बताया कि 108 सर्विस दे रही कंपनी को पुरानी एम्बुलेंस की जगह इन नई 167 एम्बुलेंस का उपयोग करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि लम्बे समय से चल रही इन पुरानी एम्बुलेंस के बीच राह में खराब होने शिकायतें मिल रही थी। इस कारण कई बार मरीजों को हॉस्पिटल पहुंचाने में काफी ज्यादा परेशानी होने लगी थी। उन्होंने बताया कि आज इन 167 एम्बुलेंस को जिलेवार आवंटित किया है। इसमें जोधपुर, उदयुपर में 15-15, अलवर में 14, नागौर में 11, झुंझुनूं में 9, श्रीगंगानगर में 10, जयपुर प्रथम और सीकर में 7-7, भरतपुर, करौली, कोटा में 6-6, बूंदी, पाली, सवाईमाधोपुर, जयपुर द्वितीय और बाड़मेर में 5-5, डूंगरपुर, चूरू, भीलवाड़ा में 4-4, चित्तौडगढ़, जैसलमेर, जालौर में 3-3, अजमेर, बीकानेर, सिरोही, बांसवाड़ा, हनुमानगढ़, झालावाड़ में 2-2, प्रतापगढ़, राजसमंद और टोंक में 1-1 एम्बुलेंस आवंटित की है।

---



# मानव सेवा ही सच्चा लायनवाद

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233ई -1 के रीजन -3 के तीनो जोन की आज द्वितीय जोन एडवाइजरी मीटिंग संपन्न हुई। जिसमे सभी क्लब ने अपनी रिपोर्ट पेश की। कार्यक्रम की मुख्य अथिति रीजन चेयरपर्सन लायन मीनू भारतीय रही व विशेष आमंत्रित सदस्य लायन पंकज पुलासारिया रहे. आज की मीटिंग का सयुक्त आयोजन तीनो जोन चेयरपर्सन लायन सुनील बेओत्रा, लायन कविता गोधा व लायन पवन अग्रवाल ने किया।

मीटिंग मे सभी सदस्यो व अथितियों ने एक स्वर मे कहा की सेवा ही लक्ष्य सच्चा लायनवाद है और हम उसी को लेकर मानव सेवा, जीव सेवा व प्रकृति व देश के लिए कार्य करते आये है और करते रहेंगे। लायन पवन अग्रवाल ने बताया की हमारा डिस्ट्रिक्ट सेवा के हर छेत्र मे प्रांतपाल लायन रोशन सेठी के मार्गदर्शन मे शानदार कार्यक्रम कर रहा है।

# व्यवसायिक शिक्षा कार्यशाला संपन्न



**जयपुर @ जागरूक ।** राजकीय आदर्श बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गणगौरी बाजार, जयपुर में कक्षा 9 से 12वीं तक की अध्यनरत व्यवसायिक शिक्षा छात्राओ का भ्रमण कार्यशाला मंगलम पल्स मेडिसिटी हॉस्पिटल जयपुर में आयोजित हुआ। डॉक्टर अमित भटनागर ने छात्राओं को हॉस्पिटल एवं प्राथमिक चिकित्सा की विस्तृत जानकारी दी। कृत्रिम श्वसन क्रिया, पल्स देखना एवं प्राथमिक चिकित्सा के अनेक बिंदुओं पर जानकारी देते हुए प्रयोगात्मक तरीके से समझाया तथा छात्राओं ने भी कृत्रिम श्वसन क्रिया का अभ्यास किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ जयश्री भार्गव ने इस कार्यशाला में सहयोग देने वाले चिकित्सा टीम एवं डॉक्टर भटनागर, व्यवसायिक शिक्षा प्रभारी, शिक्षकों एवं छात्राओं को धन्यवाद व्यक्त किया।

# बिहार समाज संगठन का बैठक सम्पन्न

**जयपुर @ जागरूक जनता।** बिहार समाज संगठन की ओर से बनीपार्क स्थित गुलाब उधान समिति, बसंत मार्ग पर साधारण सभा का बैठक आयोजित किया गया । बैठक में मुख्य चर्चा चुनाव पर हुआ। जिसमें समाज के महासचिव सुरेश पंडित ने बताया कि चुनाव से सम्बंधित सभी बिन्दु पर खुल कर चर्चा किया गया। इसके अलावा समाज जोड़ो अभियान के तहत कितना सदस्य किस क्षेत्र से जुड़े है । इस चर्चा हुआ। हजारो-हजारो की संख्या में समाज से लोग जुड़े है। एक लाख के लक्ष्य तक पहुंचने वाले है। यह समाज जोड़ो अभियान अभी कुछ महीने तक चलाया जाएगा। जबतक लक्ष्य पूरा नही हो जाए। सदस्यता अभियान के दौरान जयपुर के ग्रामीण क्षेत्र में लोग जुड़ रहे है। जयपुर के विधानसभा के हिसाब से लोगो को जोड़ा जा रहा है। समाज के समस्त कार्यकारिणी कमिटी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। अब नये सिरे से 18 दिसम्बर को चुनाव कराया जाएगा। जिसमें समाज से जुडे हुए समस्त कार्यकर्त्ता मुख्य रूप से भाग लेगें। जब-जब चुनाव नही होगा समाज के समस्त कार्य सुरेश पंडित देखेंगे । यह दायित्व समाज के पदाधिकारीयो ने दिया है। उपस्थित सभी सदस्यो को धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।


JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords Analytics | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

## जागरूक खबरें

### ■ जेईई मेन-2023 : जनवरी-अप्रेल में होगी परीक्षा, आवेदन शुरू

**कोटा @ जागरूक जनता।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बीते दिनों नोटिफिकेशन जारी कर जेईई मेन-2023 परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी। जनवरी सेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 दिसम्बर रात 9 बजे से ही शुरू कर दी गई। अंतिम तिथि 12 जनवरी तक है। परीक्षा 24 से 31 जनवरी के बीच होगी। अप्रेल सेशन की आवेदन प्रक्रिया 7 फरवरी से 7 मार्च के मध्य होगी। परीक्षा 6 से 12 अप्रेल के मध्य होगी। इस वर्ष जेईई-मेन परीक्षा पूर्णत: सीबीटी मोड पर देश के 399 परीक्षा शहरों एवं विदेश के 25 शहरों में संपन्न होगी। राजस्थान में 17 शहरों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

**शुल्क में बढ़ोतरी :** सामान्य, ईडब्ल्यूएस एवं ओबीसी के छात्रों से एक हजार रुपए एवं छात्राओं के लिए 800 रुपए, एससी-एसटी एवं पीडब्ल्यूडी छात्र-छात्राओं के लिए 500 रुपए शुल्क रखा गया है।

### ■ 'कलम महान, विशेष पहचान' प्रेरक कार्यक्रम आयोजित



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा युवाओं को कलम थामकर उत्कृष्ट लेखन करने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से ऑनलाइन 'कलम महान, विशेष पहचान' प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका 'विषय -स्वैच्छिक' रखा गया। इस कार्यक्रम में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नीलम महाजन ( भिवानी, हरियाणा) और अमृता पुरोहित (पंचमहल, गुजरात) की रचनाओं ने समूह का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। प्रतिभागी रचनाकारों को ऑनलाइन 'पुनीत प्रेरक ज्योति' सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार ने युवाओं को कलम के महत्व के बारे में बताते हुए बेकार की चीजों का पीछा छोड़कर कलम थामकर समाज सुधारक उत्कृष्ट लेखन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नीलम महाजन, सीमा मोटवानी, अमृता पुरोहित, पूजा आर श्रीवास्तव रचनाकार उपस्थित रहे।

### ■ ईसीबी बुक क्लब, पुस्तक पीपल द्वारा अभिव्यक्ति का आयोजन




**बीकानेर @ जागरूक जनता।** इंजीनियरिंग कॉलेज के बुक क्लब पुस्तक पीपल द्वारा विद्यार्थियों के भीतर छिपे कवि को निखारने तथा उसे एक मंच प्रदान करने के लिए एक कविता प्रतियोगिता, अभिव्यक्ति का आयोजन किया गया। पुस्तक पीपल के संयोजक अतुल गोस्वामी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 15 कवियों ने हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में अपनी स्वरचित कविताओं की प्रस्तुति दी। प्रतिभागियों के अतिरिक्त महाविद्यालय के तीन व्याख्याताओं डॉ राधा माथुर, डॉ इंदु भूरिया, डॉ गरिमा प्रजापत और डॉ अतुल गोस्वामी ने भी अपनी स्वरचित कविताओं को श्रोताओं के सम्मुख प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के अंत में प्राचार्य डॉ मनोज कुड़ी, अमित गोस्वामी तथा संजय पुरोहित ने इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया।

### ■ शिक्षक सम्मान पुरस्कार एवं वेतन की राशि से बाजिया ने किए विद्यार्थियों को स्वेटर भेंट



**सिरोही @ जागरूक जनता।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कासिंद्रा के प्रधानाध्यापक महेंद्र बाजिया ने ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान में प्राप्त पुरस्कार राशि 5100रू एवं अपने वेतन में से राशि मिलाकर विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र भेंट किये गर्म वस्त्र प्राप्त करके बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आ गई शिक्षक महेंद्र बाजिया सिरोही जिले में भामाशाह के प्रेरणा स्रोत विद्यालय विकास में अपनी कर्मठ भूमिका निभाते हैं स्वेटर वितरण कार्यक्रम में पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी कांतिलाल पुरोहित, प्रधानाध्यापक महेन्द्र सिंह, हमीर सिंह राणावत, अमृत लाल, पुनाराम देवासी, जितेन्द्र सिंह, अर्जुन राम ग्रासिया, सुनिता भीमाराम आदि उपस्थित रहे।

### ■ छोटे तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का किया अवलोकन

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** डॉ रघु शर्मा पूर्व केबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार जयपुर एवं विधायक केकड़ी के द्वारा केकड़ी शहर को स्वच्छ एवं सौन्दर्यकरण कराये जाने के उद्देश्य से नगरपालिका द्वारा शहर के मध्य एवं बस स्टेण्ड के समीप स्थित छोटे तालाब का सौन्दर्यकरण कार्य करवाया जा रहा है। जिसका पालिका अध्यक्ष कमलेश कुमार साहू एवं पालिका मण्डल के पार्षदगणों द्वारा पालिका के सहायक अभियंता घासीलाल गुर्जर के साथ अवलोकन किया गया। छोटे तालाब के अन्दर चारो ओर कोबल लगायी जाकर पाथवे तैयार कर चारों ओर रेनिंग व डेकोरेटिव लाईट पोल, बड़े-बड़े पेड़ व घास लगायी जायेगी तथा तालाब के बीच में सौन्दर्यकरण के लिए डिजिटल म्युजिकल फाउन्टेन लगाया जायेगा तथा तालाब के एन्ट्री पोईंट पर एक सर्किल बनाकर डिजिटल वॉल का निर्माण किया जायेगा।

---

**चित्तौड़ में सफाई व्यवस्था को लेकर आमजन पस्त, ठेकेदार मस्त का आलम**

# व्यापारियों ने की नालियां साफ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**चित्तौड़गढ़।** नालियों की सफाई के अभाव में स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही है, जिसके कारण यहां व्यापार करने वालों को खुद ही सफाई की कमान अपने हाथ में लेनी पड़ी। शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र के मुख्य मार्ग ने जगह-जगह सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। यहां में ड्रेनेज की सफाई का ठेका दिये जाने के बाद भी ड्रेनेज सिस्टम व्यवस्थित नहीं हुआ। इसे लेकर लोगों में रोष बना है।

मंगलवार को ऐतिहासिक नगरी कहे जाने वाले चित्तौड़गढ़ के रेलवे स्टेशन के बाजार में बनी नाली का गंदा पानी सफाई के अभाव में सड़क पर आ जाने से लोगों को आने जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ी, जहां डेली मार्केट समेत विभिन्न स्थानों पर जल जमाव हुआ। वहीं स्थानीय लोगो व व्यापारियों ने ही इलाकों में नाली की सफाई करके उसमे पसरा कचरा बाहर निकाला। शहर के महत्वपूर्ण हिस्सों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सफाई कार्य का ठेका दिया गया है। ठेकेदारों द्वारा सफाई ढंग से नहीं किये जाने से नगर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहर के ड्रेनेज की सफाई नगर परिषद के अधिकारियों की देखरेख में की जानी थी। लेकिन अधिकारियों व स्थानीय पार्षद के सुस्त रवैए से मुख्य मार्ग के मेन ड्रेन के अलावा गली मोहल्लों की ड्रेन की सफाई की व्यवस्था की पोल खोल के रख दी है।

एक ओर से देश स्वच्छ भारत अभियान बड़े स्तर पर जारी है। वहीं दूसरी ओर, शहर में सफाई व्यवस्था दम तोड़ रही है। शहर के हर गली चौराहे पर गंदगी के अंबार लगा हुआ है।शहर के बड़े नाले गंदगी से अटे पड़े है, जिससे आमजन परेशान दिख रहा है। हालात ये हो गये है कि अब व्यापारी खुद ही नालियों से कचरा निकाल रहे है। शहर के महत्वपूर्ण क्षेत्र रेलवे स्टेशन के सीवरेज नाले की हालत यह है कि आज सवेरे नाले की गन्दगी सड़क पर आ गए जिसे वहाँ के व्यापारियो ने खुद सफाई की। शहर के महत्वपूर्ण क्षेत्रों जिनमे रेल्वे स्टेशन, दुर्ग मार्ग प्रतापनगर सहित अधिकांश जगहों पर पड़े गंदगी के अंबार सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहे है।

---

## बिरला कार्पोरेशन गुणवत्ता श्रेष्ठता पुरस्कार से सम्मानित




**चित्तौड़गढ़।** वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत गठित राष्ट्रीय सीमेंट एवं बिल्डिंग मटेरियल परिषद वल्लभगढ़ द्वारा बिरला कार्पोरेशन की चंदेरिया इकाई को बेस्ट क्वालिटी एक्सीलेंस 2019-22 के लिए पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार स्पेशल सेक्रेटरी एवं वित्तीय सलाहकार वाणिज्य शशांक प्रिया द्वारा गत 9 दिसम्बर को मानेकशॉ सेंटर नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। ईकाई प्रमुख देवेश मिश्रा, सीनियर जनरल मैनेजर गोपाल कीर एवं नरपत एस. आँजना जनरल मैनेजर द्वारा पुरस्कार को ग्रहण किया। बिरला कार्पोरेशन को यह पुरस्कार प्रभावी एवं स्वच्छ उत्पादन प्रक्रियाओं जैसे कि उच्च गुणवत्ता प्रबंधन, रिस्क मैनेजमेंट, श्रेष्ठ मानव संसाधन, प्रोसेस प्रबंधन, पर्यावरण प्रबंधन, ग्राहक संतुष्टि, कर्मचारी संतुष्टि, नवीन तकनीक का समावेश, मूल्य प्रभाविकता तथा पारदर्शिता के निर्वाहन हेतु प्रदान किया गया। बिरला कार्पोरेशन तेजी से अपनी नवीनता, कार्यकुशलता, प्रभावी लागत प्रबंधन से युक्त कार्य प्रणाली के माधयम से सतत विकास की और अग्रसर है। इस अवसर पर देवेश मिश्रा ने कहा कि जिस प्रकार संपूर्ण रूप से हम उपलब्धियों एवं कार्य निष्पादन का सुखद अनुभव लेते है, वही हमारे लिए संपूर्ण आनंद की अनुभूति है एवं परस्पर सहयोग के साथ ही अनुसन्धान एवं विकास में भागीदारी लेने की क्षमता ही हमें रचनात्मक सोच की और अग्रसर करती है। साथ ही सभी कर्मचारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पुरस्कार इनोवेशन की तरफ प्रोत्साहित करने का प्रभावी माध्यम है।

---



## प्रशासनिक अधिकारियों ने किया पौधारोपण

**श्रीविजयनगर @ जागरूक जनता।** कस्बे के उपखंड कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से पौधारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए पौधारोपण किया गया इस मौके पर उपखंड अधिकारी भारती फूलफक्कर, घड़साना उपखंड अधिकारी अनीता बिश्नोई सहित उपखंड कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

---

## भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए हाजी महबूब मंसूरी



**दौसा/जयपुर @ जागरूक जनता।** ऑल इंडिया मंसूरी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष और राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ की किशनगढ इकाई के नायब सदर हाजी महबूब मंसूरी दौसा में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह यात्रा देश में 2023 में होने वाले लोकसभा चुनाव में मजबूत विपक्ष खड़ा करने में मील का पत्थर साबित होगी। इस दौरान उन्होंने राजस्थान सरकार के चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, अल्पसंख्यक मामलात मंत्री साले मोहम्मद, नसीम अख्तर प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, रफीक मंडेलिया, नवीन पिलानियां, रूबी खान से भी मुलाकात की।

---

## जैन समाज ने शर्मा का जताया आभार

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** जैन समाज केकड़ी के समाज बंधुओं ने पूर्व चिकित्सा मंत्री व केकड़ी विधायक डॉक्टर रघु शर्मा का आभार व्यक्त किया विगत कई दिनों से जैन समाज के तीर्थ स्थल सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने के विरोध में जगह-जगह ज्ञापन दिए जा रहे थे प्राप्त जानकारी के अनुसार सम्मेद शिखरजी जैन समाज का पवित्र तीर्थ स्थल है शिखरजी पर प्रत्येक वर्ष लाखों तीर्थ यात्री जाते हैं व दर्शन लाभ लेते हैं तथा जिससे जैन समाज की भावनाएं जुड़ी हुई है जिसके तहत केकड़ी विधायक ने केंद्र सरकार और झारखंड सरकार से अनुरोध करते हुए जैन समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस फैसले में उचित बदलाव किया जाने व सम्मेद शिखर को तीर्थ स्थल घोषित किया जावे जिससे कि जैन समाज की आस्था वह पवित्रता बनी रहे उक्त अनुरोध पर निर्मल चौधरी एडवोकेट, भंवरलाल बज, हेमंत जैन, ज्ञाता जैन, विनय पांड्या, अरिहंत बज, अशोक छाबड़ा, धनेश जैन, आनंद सोनी, भागचंद जैन, निलेश जैन, राजीव कुमार जैन, संदीप जैन, जितेंद्र सिंघवी, अरविंद नाहटा, अमरचंद चौरुका, महावीर प्रसाद जैन, कैलाश चंद सोनी, शांतिलाल जैन, मुकेश जैन, अनिल बंसल, टीकम चंद जैन, नितिन जैन, कैलाश चंद जैन,मनोज पांड्या, अशोक जैन, समकित जैन सहित अनेक समाज बंधुओं ने आभार व्यक्त किया।

---

## विद्यालय प्रबंधन समिति ने वितरित किये गणवेश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों ने राजस्थान सरकार की तरफ से उपलब्ध पोशाकों का वितरण किया। संस्था प्रधान हीरा खत्री ने बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से उपलब्ध पोशाकों का विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपसभापति जितेंद्र सिंघी, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी गणपतसिंह देवड़ा, मंजूर अली ने वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप प्रधानाचार्य दिलिपसिंह सिंदल ने सभी अभिभावकों से बैंकों में खाते खुलवाने की अपील की । कार्यक्रम को सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी गणपतसिंह देवड़ा ने सम्बोधित कर शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उपसभापति जितेंद्र सिंघी ने राजस्थान सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर जन तक पहुंचाने व लाभ दिलवाने में सबको सहयोगी बनने की सीख दी। शिक्षक गोपालसिंह राव ने संबोधित करते हुये आमजन को राजस्थान सरकार की शिक्षा विभाग की योजनाओं से पुरा लाभ लेकर अपने बालकों को पुरी शिक्षा दिलवाने अपील की। कार्यक्रम में व्याख्याता महेंद्र कुमार प्रजापत, रमेश कुमार मेघवाल, भारती सुथार, कुसुमलता परमार, दिनेश सुथार,चन्द्रकांता चौहन, सोनल राठौड़, एसएमसी के सदस्य धनराज खत्री, मंजूर अली, अभिभावक विक्रम कुमार, प्रकाश कुमार, मीना देवी, दारमी देवी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्यवस्था सहयोगी शिक्षक गोपाल सिंह राव ने किया। संस्था प्रधान हीरा खत्री ने एसडीएमएसी सदस्यों, अभिभावकों का आभार जताया।

---

## अग्रवाल समाज की विचार गोष्ठी आयोजित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाऊजी गोपाल शरण गर्ग एवं युवा राष्ट्रीय महामंत्री दीपक जाजोदिया के मार्गदर्शन में अग्रवाल समाज,चौमू द्वारा विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन एम बी होटल में किया गया। चोमू में विचार गोष्ठी कार्यक्रम में उन्होंने अपना मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान किया। गोपाल शरण गर्ग के उद्बोधन में अग्रोहा को अग्रवाल समाज का तीर्थ स्थल बनाने में, मां आद्यलक्ष्मी महामंदिर के नव निर्माण में सहयोग एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया। आर्थिक समीक्षा के तहत आरक्षण एवं अग्रोहा में निर्मित मां लक्ष्मी महा मंदिर के बारे में विस्तृत चर्चा करी। दीपक जाजोदिया ने युवाओं को संगठित होने को लेकर अपना उद्बोधन दिया। अग्रवाल समाज चोमू द्वारा अग्रोहा में निर्मित मंदिर हेतु सहयोग राशि दी गई। प्रदेश युवा महामंत्री राजेश कुमार अग्रवाल ने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के संपूर्ण देश में पूर्ण सहयोग हेतु सभी से अपनी करी एवं विश्वास दिलाया समाज आपके साथ है। कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल समाज चोमू के महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल, कोषा अध्यक्ष बाबूलाल पटवारी, पूर्व अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, व्यवस्थापक श्याम सुंदर सराफ, राजेंद्र अग्रवाल, गोवर्धन थावरिया, गिरधारी अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष CA शिव गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता संदीप मोदी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनीष गोयल, कनिष्क गर्ग, सीए संदीप अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, राकेश बंसल, स्थानीय समाज पदाधिकारी सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

---

## न्युवोको ने अपने लॉजिस्टिक्स फ्लीट में अर्वाचीन एल्युमिनियम बॉडी ट्रक शामिल किए

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ।** 'प्रोटेक्ट आवर प्लैनेट' सस्टेनेबिलिटी पहल के हिस्से के रूप में, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनी, क्षमता के मामले में, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने अपने लॉजिस्टिक्स फ्लीट में अर्वाचीन एल्युमीनियम बॉडी ट्रक शामिल किए हैं। इन ट्रकों को एल्युमीनियम से बनाया गया है जो हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड से प्राप्त किया गया है, जो भारत में अग्रणी एल्युमीनियम निर्माताओं में से एक है। यह अनूठा मॉडल न्युवोको की लॉजिस्टिक्स क्षमता को बढ़ाने में मदद करेगा और साथ ही इसकी धारणीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करता है। जयकुमार कृष्णास्वामी, प्रबंध निदेशक, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने इस नई पहल की शुरूआत के मौके पर कहा कि"न्युवोको के सस्टेनेबिलिटी रोडमैप का एक प्रमुख घटक डीकार्बोनाइजेशनको प्रोत्साहित करना है और कंपनी का इस संबंध में स्पष्ट दृष्टिकोण है। हमारी कार्बन कटौती रणनीति के हिस्से के रूप में, हम कई पहलों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो प्रत्यक्ष उत्सर्जन को भी कम करेंगे और साथ ही अप्रत्यक्ष उत्सर्जन को भी कम करेगी।

---

## भाजपा नगर मंडल जालौर द्वारा शहर में निकाली कांग्रेस सरकार के खिलाप जन आक्रोश यात्रा



**जालौर @ जागरूक जनता।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के निर्देशानुसार जालौर शहर में भाजपा नगर मंडल जालौर द्वारा नगर अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी के नेतृत्व में जनाक्रोश यात्रा का शुभारंभ ठाकुर जी मंदिर शबरी माता बस्ती से किया गया। कार्यक्रम प्रभारी एडवोकेट संजय बोराणा ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ में शबरी माता बस्ती में एस टी मोर्चा द्वारा जन चौपाल की गई।जिसमें जिला महामंत्री व यात्रा विधानसभा संयोजक पुखराज राजपुरोहित जिलामहामंत्री हरीश राणावत नगर परिषद सभापति गोविंद टाक का आतिथ्य रहा। वहीं अध्यक्षता नगर अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के नाते नगर परिषद उपसभापति अम्बालाल व्यास यात्रा जिला संयोजक व भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ.रमेश राणा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी एस सी मोर्चा जिलाध्यक्ष मिश्रीमल मेगवाल ओबीसी मोर्चा जिला संगठन प्रभारी किशन लाल सोनी उपस्थित थे।चौपालों में मुख्य वक्ता के रूप में जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत पूर्व नगर अध्यक्ष छगन दास रामावत मोनिका कुंटल उपस्थित थे। भाजपा ओबीसी मोर्चा एससी मोर्चा युवा मोर्चा किसान मोर्चा सहित सभी मोर्चो के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर चौपालों व स्वागत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता महेंद्र मुणोत ने कहा कि प्रदेश की नकारा निकम्मी काग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकना है।

---

**नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंदर सिंह ढिल्लों नें ग्रहण किया कार्यभार**

# 2023 में प्रदेश में बनेगी भाजपा की सरकार-मेघवाल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**श्रीविजयनगर।** ग्राम सेवा सहकारी समिति भातीवाला में नवनिर्वाचित संचालक मंडल का शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद निहालचंद मेघवाल रहे। कार्यक्रम में सांसद ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पदाधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करवाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंदर सिंह ढिल्लों ने पदभार ग्रहण कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में यूरिया खाद सहित अन्य किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सभी ग्रामीणों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। सांसद निहालचंद मेघवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता को खाद के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा सुनिश्चित मात्रा में खाद उपलब्ध करवाई जाएगी सांसद ने राज्य की गहलोत सरकार पर निशाना साधा व राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का दावा किया व प्रदेश की सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया सांसद ने कहा कि प्रदेश की सरकार की विफलताओं के कारण ही विकास का पहिया रुक चुका है। सांसद ने सहकारी समिति समिति का विकास सांसद कोटे से करवाने का आश्वासन दिया नव- निर्वाचित अध्यक्ष अरविंदर सिंह ढिल्लो ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सांसद निहालचंद से सहकारी समिति में कृषि औजार उपलब्ध करवाने, गोदाम का निर्माण करवाने की मांग की इस कार्यक्रम में जीकेएसबी रामसिंहपुर मैनेजर गणेश पासवान,सहकारी समिति उपाध्यक्ष सरोज बिश्नोई, व्यवस्थापक राम सिंह, राजवीर सिंह राठौड़, गुरमुख सिंह ढोट, सरपंच प्रतिनिधि गुरमेल सिंह धंजु सहित अन्य मौके पर मौजूद रहे।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23


## अब नए साल में छूटेगी धूजणी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का इंतजार ईयर एंड पर पूरा होगा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक महीने के आखिरी सप्ताह में एक वेस्टर्न डिर्स्टबेंस उत्तर भारत में सक्रिय हो सकता है, जिससे बारिश के साथ भारी हिमपात होने की संभावना है। इस सिस्टम के असर से मैदानी इलाकों में भी बारिश हो सकती है, जिससे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू हो सकता है। दिसंबर में इस सीजन में सर्दी के तेवर नरम ही रहे है। इस कारण इसका नुकसान रबी की फसल बोने वाले किसानों को भी उठाना पड़ सकता है। प्रदेश में आज मौसम की स्थिति देखे तो सभी जगह आसमान साफ है और सुबह से धूप निकली है। कोटा, बूंदी, सीकर, अजमेर, चूरू में बीती रात न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### अपने सपनों का घर: सस्ते के चक्कर में घर/जमीन खरदने का गलत निर्णय न करें

# अवैध कॉलोनियों में सुविधा मिलेगी न पट्टा

- शहर के बाहरी इलाकों में कृषि भूमि पर विकसित की जा रही हैं कॉलोनियां
- 400 से अधिक अवैध कॉलोनियां जेडीए कर चुका ध्वस्त

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजधानी का विस्तार तेजी से हो रहा है। ऐसे में लोगों को आवासों की जरूरत है। कोई फ्लैट खरीद रहा है तो कोई प्लॉट खरीदकर घर बना रहा है। लोगों की इसी जरूरत को देखते हुए शहर में अवैध रूप से कॉलोनियां भी विकसित की जा रही हैं। हालांकि, पिछले तीन वर्ष से जेडीए ने कई अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त भी किया है। लेकिन, फिर भी इन अवैध कॉलोनियों का बसना बंद नहीं हुआ है। ऐसे में ग्राहकों को प्लॉट खरीदते समय उक्त आवासीय कॉलोनी के बारे में जांच पड़ताल कर लेना बेहद जरूरी है। क्योंकि यदि अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदकर मकान बनाना शुरू कर दिया तो उस पर कार्रवाई होने का डर बना रहेगा। साथ ही इस कॉलोनी में बिजली, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी वर्षों इंतजार करना पड़ेगा और भूखंड का पट्टा भी नहीं मिल पाएगा। दरअसल, शहर के बाहरी इलाकों में लोगों की जरूरत देखते हुए भूमाफिया कृषि भूमि पर सीधे ही कॉलोनी विकसित कर देते हैं। सरकार ने जो नियम बना रखे हैं, उनकी अवहेलना होती है और उक्त कॉलोनी का जेडीए के पास कोई रिकॉर्ड भी नहीं होता। ऐसी ही 400 से अधिक अवैध कॉलोनियों को पिछले तीन वर्ष में जेडीए ध्वस्त कर चुका है। इनमें से करीब 10 फीसदी ही ऐसे हैं, जिन्होंने प्रक्रिया अपनाकर निर्माण कार्य शुरू कराया।



#### ये दिक्कतें शुरुआत से ही

- सड़कों की चौड़ाई कम होती है।
- सुविधा क्षेत्र नहीं छोड़ा जाता, सिर्फ नक्शे में ही दिखा जात है।
- निर्माण अव्यवस्थित होता है, बिल्डिंग बॉयजाज के अनुरूप कुछ भी नहीं होता।

#### ये है प्रक्रिया

- कृषि भूमि का अकृषि उपयोग की प्रक्रिया होती है। इससे जेडीए को राजस्व मिलता है।
- इसके बाद कॉलोनी का ले-आउट प्लान तैयार होता है।
- जेडीए को जो राजस्व प्राप्त होता है, उससे यहां भविष्य में सुविधाएं विकसित की जाती है।
- नक्शे में यह बताया जाता है कि कॉलोनी में कहां भूखंड है और कहां सड़क है। सुविधा क्षेत्र से लेकर पार्क तक का जिक्र होता है।
- नक्शा जारी होने के बाद भूखंडों का बेचान किया जाता है। जेडीए कोपट्टे जारी होने पर भी राजस्व मिलता है।

#### अवैध इमारतों से भी बचें

**शहर** में 180 अवैध इमारतें सील खड़ी हैं। इनमें बिल्डिंग बॉयलॉज के अनुरूप काम नहीं हुआ। पिछले तीन वर्ष में जेडीए 75 इमारतों को ध्वस्त कर चुका है। इसके अलावा 111 डुप्लेक्स भी गिराए हैं।

#### जेडीए भी अपडेट नहीं

**शहर** में विकसित हो रही निजी आवासीय योजना के बारे में जेडीए ने वेबसाइट पर कोई सूची तक नहीं डाल रखी है। ऐसे में ग्राहकों को कॉलोनी के बारे में सही जानकारी ही पता नहीं चल पाती है।

## चीन में कोरोना: शव रखने की जगह नहीं


**90 दिन में चीन की 60% आबादी कोरोना संक्रमित होगी, लाखों मौतों की आशंका**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीजिंग।** चीन में कोरोना प्रतिबंधों में ढील के बाद वहां संक्रमण की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। जीरो-कोविड पॉलिसी खत्म होने के बाद केसेस में भारी इजाफा हो रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि अस्पतालों के सभी बेड भरे हैं। दवाएं नहीं हैं, जहां हैं भी वहां लंबी लाइन लगानी पड़ रही है। बीजिंग में श्मशानों में 24 घंटे अंतिम संस्कार किए जा रहे हैं। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि अंतिम संस्कार के लिए वेटिंग 2000 तक पहुंच गई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि चीन में कोरोना केस दिनों नहीं, बल्कि घंटों में दोगुने हो रहे हैं।

अमेरिकी साइंटिस्ट और महामारी विशेषज्ञ एरिक फेगल-डिंग ने सोशल मीडिया पर चीन के चौंकाने वाले वीडियोज शेयर किए हैं। इनमें अस्पतालों, श्मशानों और मेडिकल स्टोर्स के चिंताजनक हालात दिखाई पड़ रहे हैं। उन्होंने कोरोना पर बड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि 90 दिन में चीन की 60% आबादी और दुनिया के 10% लोग कोरोना से संक्रमित होंगे। करीब 10 लाख मौतों की आशंका है।

## भगवा रक्षा दल करेगा फ़िल्म पठान का बहिष्कार



**जयपुर @ जागरूक जनता।** कुछेक असामाजिक तत्वों द्वारा हिंदू समाज की विचार धारा को नीचा दिखाना एवं ग़लत तरीक़े से फिल्मों में प्रस्तुत करने का एक चलन सा हो गया है ख़ासतौर पर बॉलिवुड की फिल्मों में। अभी हाल ही में मूवी पठान का टीजर रिलीज़ हुआ जिसमें भगवा रंग के कपड़े पहनकर अश्लीलता दिखाई जा रही है। भगवा रक्षा दल एवं शिवसेना राजस्थान के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम शर्मा ने इस फ़िल्म को सेंसर बोर्ड द्वारा रिलीज नहीं करने की अपील की है। शर्मा ने कहा कि अगर पठान फ़िल्म को रिलीज किया गया तो इसका बहिष्कार किया जाएगा।





HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

- मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- असाध्य घाव/शुगर के घाव
- कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com






# 5 हजार से अधिक किसानों को मिली 171 करोड़ रुपये की सहायता

## मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना- खेतों में तारबंदी के लिए 48 हजार रुपये तक का अनुदान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** किसान कल्याण को समर्पित राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना शुरू की गई है। योजना में राजस्थान फसल सुरक्षा मिशन के तहत खेतों की जानवरों से सुरक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा तारबंदी पर अनुदान देने की अपूर्व पहल की गई है। इस योजना का लाभ लेकर किसान अपने खेतों में तारबंदी कर रहे हैं और जिससे उनके खेतों में खड़ी फसलों का नील गाय, आवारा पशु व जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान से बचाव हो रहा है। इससे किसानों के फसल उत्पादन में तो वृद्धि हुई ही है, उनकी आय में भी बढ़ोतरी हुई है।

### 60 प्रतिशत तक अनुदान

कृषि आयुक्त कानाराम ने बताया कि योजना के अंतर्गत लघु एवं सीमांत कृषकों को तारबंदी के लिए राज्य सरकार द्वारा लागत का 60 प्रतिशत या अधिकतम 48 हजार रुपये (जो भी कम हो) देय है। वहीं अन्य कृषकों के लिए लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 40 हजार रुपये ( जो भी कम हो) का अनुदान दिया जा रहा है।

### 4 वर्षों में 5 हजार से अधिक किसानों मिला 171 करोड़ रुपये का अनुदान

कानाराम ने बताया कि राजस्थान फसल सुरक्षा मिशन के तहत गत 4 वर्षों में तारबंदी के लिए 5 हजार 827 किसानों को 17 लाख 402 मीटर तारबंदी के लिए 171 करोड़ 13 लाख 88 हजार रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। वर्ष 2018-19 में (दिसम्बर 2018 से) में 180 किसानों को 80 हजार मीटर की तारबंदी के लिए 80 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। इसी प्रकार वर्ष 2019-20 में एक हजार 14 किसानों को 3 लाख 30 हजार 480 मीटर की तारबंदी के लिए 330.48 लाख रुपये का, वर्ष 2020-21 में 2 हजार 75 किसानों



को 5 लाख 19 हजार 495 मीटर की तारबंदी के लिए 519.50 लाख रुपये का, वर्ष 2021-22 में 2 हजार 110 किसानों को 5 लाख 99 हजार 29 मीटर की तारबंदी के लिए 599.03 लाख रुपये का एवं वर्ष 2022-23 में अब तक 448 किसानों को एक लाख 71 हजार 398 मीटर की तारबंदी के लिए 184.87 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गयी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा कृषि बजट घोषणा 2022-23 में राजस्थान फसल सुरक्षा मिशन के तहत आगामी 2 वर्षों में एक करोड़ 25 लाख मीटर की तारबंदी पर 35 हजार से अधिक किसानों को 100 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाना प्रस्तावित है।

### अनुदान के लिए तय की गयी पात्रता

कृषि आयुक्त ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक है कि किसान के पास 1.5 हैक्टेयर भूमि एक ही स्थान पर हो। इससे कम भूमि होने पर भी राज्य सरकार द्वारा दो या दो से अधिक किसानों के कृषक समूह, जिसके पास 1.5 हैक्टेयर या अधिक भूमि हो, को योजना का लाभ दिये जाने का प्रावधान किया गया है। योजना के अंतर्गत खेत में तारबंदी के लिए कृषक को 400 रनिंग मीटर की सीमा तक अनुदान दिया जा रहा है।

### कृषकों के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

वर्ष 2022-23 से राजस्थान फसल सुरक्षा मिशन में तारबंदी में आवेदन की प्रक्रिया 30 मई 2022 से पूर्णतरू ऑनलाइन कर दी गयी है। जिसमें किसान लाभ लेने के लिए राज किसान साथी पोर्टल पर जन आधार के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं किसानों को अधिकतम 6 माह पुरानी जमाबंदी की नकल के साथ बैंक पासबुक की प्रति के भी देनी होगी।

# जयपुर शहर में अगले साल से चलेगी इलेक्ट्रिक बसें

**खरीद के बजाए लीज पर 100 बसें लेकर मई-जून से चलाने की तैयारी**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर धुंआ फेंकती और हांफती बसों से अगले साल लोगों को छुटकारा मिल सकता है। जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. (जेसीटीएसएल) ने अगले साल मई-जून से इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी कर ली है। पहले फेज में जयपुर में अगले साल कुल 100 बसें लीज पर लेकर चलाई जाएगी और साल के अंत तक इसे 300 तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

पिछले दिनों जेसीटीएसएल बोर्ड की हुई एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसका प्रस्ताव तैयार करके सरकार को भिजवाया है। बोर्ड ने भविष्य की जनसंख्या और उसके अनुरूप जरूरतों को देखते हुए 1000 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन साल 2025 तक करने पर विचार किया है। कंपनी के सीएमडी अजिताभ शर्मा ने बताया कि केन्द्र सरकार की स्कीम के तहत हम बसें लीज पर सीईएसएल कंपनी से लेने की तैयारी कर रहे हैं। 9 मीटर वाली बस में 31 पैसेंजर्स की सिटिंग कैपेसिटी होगी, जबकि 12 मीटर लम्बाई वाली बस में 41 पैसेंजर्स की।

## जागरूक खबरें

### 1 जनवरी से शुरू होंगी सीबीएसई परीक्षा

**जयपुर।** सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं 1 जनवरी से शुरू होंगी। इन परीक्षाओं के लिए सीबीएसई की ओर से एक्सटर्नल एग्जामिनर तय करने की कवायद जारी है। सीबीएसई की ओर से 15 फरवरी तक प्रायोगिक परीक्षाएं ली जाएंगी। सीबीएसई अजमेर रीजन की ओर से राजस्थान और गुजरात के 1972 स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित होंगी। रीजनल ऑफिस में इस परीक्षा के लिए तैयारियां की जा रही हैं। दोनों ही राज्यों में एक्सटर्नल एग्जामिनर तय करने का प्रोसेस अंतिम चरण में है। शीतकालीन अवकाश समाप्ति के साथ ही स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी। स्कूल अपने स्तर पर तिथि तय करेंगे। डेढ़ महीने का समय स्कूलों को प्रायोगिक परीक्षा आयोजन के लिए दिया गया है। परीक्षार्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि अधिकृत सूचना के लिए सीबीएसई की वेबसाइट पर ही जानकारी प्राप्त करें। अजमेर में भी स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षा के लिए तैयारी की जा रही है। उधर, आधा दिसंबर गुजर जाने के बाद भी अब तक सीबीएसई ने 12वीं की मुख्य परीक्षाओं की डेट शीट घोषित नहीं की है। नीट, जेइई और सीयूईटी की परीक्षा तारीखों के बाद अब छात्रों को सीबीएसई की डेटशीट का इंतजार है।

### बीएलओ ड्यूटी जॉइन नहीं करने पर 28 कार्मिक निलंबित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** बीएलओ ड्यूटी जॉइन नहीं करने पर किशनपोल निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (ईआरओ) ने 28 कार्मिकों को निलंबित किया। मतदाता सूचियो के प्रकाशन, नए मतदाताओं के पंजीकरण, आधार कार्ड को एपिक कार्ड से लिंक करवाने आदि कार्यों के लिए संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। इस कार्य के लिए ईआरओ ने विभिन्न विभागों से कार्मिकों की ड्यूटी लगाई है। जिन्होंने ड्यूटी जॉइन नहीं की उन्हें नोटिस दिया गया। स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने पर 28 कर्मियों निलंबित किया गया है।

**नांदू गुट से धनंजय कर सकते हैं नॉमिनेशन, 24 को वोटिंग-रिजल्ट**

# आरसीए अध्यक्ष पद के लिए वैभव गहलोत ने भरा नामांकन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव का काउंटडाउन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत ने एक बार फिर आरसीए अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है। मंगलवार को वह अपनी बेटी के साथ जयपुर में एसएमएस स्टेडियम स्थित एसोसिएशन के दफ्तर पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने अपनी 3 साल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा, 'राजस्थान में फिर से इंटरनेशनल क्रिकेट मैच का आयोजन होने लगा है। जल्द ही दो नए स्टेडियम राजस्थान को मिल जाएंगे। इससे यहां के खिलाड़ियों को और बेहतर मंच उपलब्ध हो सकेगा। मुझे उम्मीद है कि सभी जिला संघ मिलकर राजस्थान के क्रिकेट को बढ़ाने में हमारा साथ देंगे।' उधर, वैभव गहलोत के खिलाफ राजेंद्र सिंह नांदू गुट की ओर से आज दोपहर बाद नामांकन दाखिल किए जाएंगे। माना जा रहा



है कि नांदू गुट सीपी जोशी गुट के खिलाफ सभी 6 पदों पर अपने प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारेगा। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिए पूर्व खेल मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह, जबकि सचिव पद पर राजेंद्र सिंह नांदू खुद चुनावी मैदान में होंगे। ऐसे में 20 से ज्यादा जिला संघों के समर्थन वाले जोशी गुट से अध्यक्ष पद पर वैभव गहलोत की ताजपोशी तय मानी जा रही है।

**स्टूडेंट्स ने लगाई आर्ट विद् ए हार्ट एग्जीबिशन**

# छात्रों में रचनात्मकता का विकास जरूरी-अरोड़ा

## फाइव स्टार होटल में दिखी स्टूडेंट्स की कलाकृतियां, 500 से ज्यादा पेंटिंग्स और स्कल्प्चर डिस्प्ले

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयश्री पेड़ीवाल इन्टरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों की ओर से शहर के प्रसिद्ध आईटीसी राजपूताना होटल में आर्ट विद् ए हार्ट ऐग्जीबिशन का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के कमिश्नर पवन अरोड़ा ने किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन वेलकम आर्ट गैलरी के सहयोग से किया गया। इस प्रदर्शनी का प्रमुख उद्देश्य सामाजिक लोगों के मध्य जागरुकता फैलाना है।

इस अवसर पर अरोड़ा ने कहा कि प्रौद्योगिकी के इस युग में छात्रों के लिए अनिवार्य है कि वे अपनी रचनात्मकता को जाने तथा उसका



विकास करें। ऐसी प्रदर्शनियाँ एक आदर्श मंच के रूप में हमारे युवा स्वप्नकारों को उनकी कला को गुलाबी शहर के लोगों के साथ साझा करने का अवसर प्रदान करती हैं।

कला के विभिन्न माध्यमों के जरिए सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रदर्शनी में स्पेक्ट्रम में शामिल ऑयल कलर और एक्रेलिक पेंटिंग, मूर्तियां, लाइव पोर्ट्रेट एवं शैरेटन के जीवंत उदाहरण के साथ प्रस्तुत की गई। प्रदर्शनी के परिपेक्ष्य में संगीत, संस्कृति, उत्सव और जीवन के तत्व इत्यादि कुछ प्रमुख विषय शामिल किए गए। प्रदर्शनी में 6वीं से 12वीं कक्षा के बच्चों ने 500 के लगभग पेंटिंग्स, स्कल्प्चर्स और आर्ट इंस्टॉलेशन प्रस्तुत की। प्रदर्शनी में उपस्थित अतिथिगण, छात्रों के इस कलात्मक कौशल तथा चित्रकला के माध्यम से विचाराभिव्यक्ति को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। कला में विशेष रूचि रखने वाली जयश्री पेड़ीवाल विद्यालय समूह की निदेशिका डॉ जयश्री पेड़ीवाल ने कहा कि वे द विंची, हुसैन और पिकासो की अगली पीढ़ी बनाने की दृष्टि रखती है। कलाकारों के इस शानदार संग्रह का उद्यमियों, अभिभावकों, छात्रों और उनके माता-पिता ने अवलोकन किया। छात्र कलाकारों ने विभिन्न कलाकृतियों और उनकी व्याख्याओं को समझाते हुए दर्शकों को सम्मोहित किया। दर्शकगणों ने प्रदर्शनी को गहराई से महसूस किया और देखा। हर कोई वर्तमान के इन विभिन्न रंगों व तकनीक के मिश्रण को देखकर प्रफुल्लित था। इस प्रदर्शनी में बेची गई कलाकृतियों से प्राप्त होने वाली राशि दान की में दी जाएगी।



## राज्यपाल ने अनिरुद्धाचार्य महाराज की भागवतकथा सुनी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने स्टैच्यू सर्किल स्थित होटल हवेली परिसर में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा सुनाई जा रही श्रीमदभागवत कथा का श्रवण किया। राज्यपाल मिश्र करीब एक घण्टे तक वहां रुके।

# राजस्थान को डिजिटल नवाचारों के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में किए गए डिजिटल नवाचारों और संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाने वाला स्कोच पुरस्कार (SKOCH AWARD) मिला है। राज्य सरकार के जनकल्याण पोर्टल और ई-मित्र को ई-गवर्नेंस श्रेणी में वर्ष 2022 का स्कोच गोल्ड अवार्ड दिया गया है। जनकल्याण पोर्टल के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा सभी विभागों और जिलों की वेबसाइट्स का निर्माण किया जाता है, जिससे राज्य सरकार से संबंधित सभी जानकारियां आमजन को एक ही प्लेटफॉर्म पर मिल सके। वहीं, ई-मित्र के माध्यम से राज्य सरकार की 600 से अधिक सेवाएं आमजन को ऑनलाइन उपलब्ध हो रही हैं। ई-गवर्नेंस श्रेणी में ही राज्य सरकार के कार्मिकों के लिए बनाए गये डिजिटल प्लेटफॉर्म राजकाज को स्कोच सिल्वर अवार्ड दिया गया है।

इसी प्रकार हाउसिंग श्रेणी में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को स्कोच गोल्ड अवार्ड दिया गया है। वहीं इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना को महिला एवं बाल विकास श्रेणी में स्कोच सिल्वर अवार्ड दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा आईटी के माध्यम से प्रदेश को एक पारदर्शी और जवाबदेह सुशासन देने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार के इस दिशा में किए गए प्रयासों की देशभर में सराहना हो रही है। राज्य सरकार की ओर से आयुक्त, आईटी आशीष गुप्ता, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी अधिकारी (आईटी) राजेश कुमार सैनी एवं प्रोजेक्ट ऑफिसर नेहा चौधरी ने पुरस्कार ग्रहण किया।

**मुख्यमंत्री की संवेदनशील घोषणा**

## गरीबों को मिलेंगे 500 रूपए प्रति सिलेंडर की दर से साल में 12 सिलेंडर

**अलवर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीबों को अधिकतम राहत पहुंचाने के लिए जनकल्याणकारी फैसले ले रही है। गहलोत ने जिले के मालाखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार गरीब तबके को सस्ती दर पर सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए योजना लेकर आ रही है। उन्होंने कहा कि योजना लागू होने से 1 अप्रेल, 2023 से 500 रूपए प्रति सिलेंडर की दर से उज्जवला योजना से जुड़े, बीपीएल और गरीब लोगों को वर्ष में 12 सिलेंडर मिल सकेंगे। इससे महंगाई के इस दौर में आमजन पर आर्थिक बोझ कम हो सकेगा। गहलोत ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राज्य में योजना को लागू करने के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों को रसोई के सामान के किट उपलब्ध कराने के लिए भी योजना बनाई जाएगी।

### बूथ महाजनसम्पर्क अभियान आज से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा ने बताया कि बूथ महाजनसम्पर्क अभियान 21 दिसंबर को होगा, जिसमें जिले के सभी प्रमुख नेता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि जनसंपर्क अभियान करेंगे। शर्मा ने बताया इस महा अभियान में जिले के प्रमुख नेता व जनप्रतिनिधि भाग लेंगे तथा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बूथों पर अभियान में भाग लेंगे एवं घर घर पहुंचकर मिस्ड कॉल तथा पत्रक का वितरण करेंगे। भजन लाल शर्मा ने बताया की प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया कुशलगढ़ (बांसवाड़ा) से नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया जयपुर, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ चूरू, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर बाड़मेर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी सिविल लाइंस जयपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी नोहर (हनुमानगढ़) प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह राजा पार्क जयपुर, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा टोंक (बूंदी), प्रदेश मंत्री श्रवणसिंह बागड़ी (जयपुर) मे उपस्थित रहेंगे।



## जागरूक खबरें

### ■ 40 लाख लीटर दूध संकलन का रिकॉर्ड

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान को- ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन व इससे संबद्ध जिला दुग्ध संघों ने दुग्ध संकलन का नया रेकॉर्ड बनाया है। गुरुवार को एक ही दिन में 43 लाख 3 हजार लीटर दुग्ध संकलन किया है। यह गत वर्ष से 23 प्रतिशत अधिक है। प्रबंधक जन संपर्क विनोद गेरा ने बताया कि जयपुर जिला दुग्ध संघ ने 21.13 लाख लीटर दुग्ध का संकलन किया है। यह अबतक का रेकॉर्ड है।

### ■ महाविद्यालय में कई प्रतियोगिताएं आयोजित

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** कस्बे के अजमेर रोड स्थित लॉर्ड तिरुपति महाविद्यालय में राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर कॉलेज आयुक्तालय शिक्षा विभाग के आदेशानुसार महाविद्यालय में कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता प्रभारी लालचंद साहू ने बताया कि महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी संकाय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पायल कवर प्रियंका भारती ज्योति सैनी ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रह्लाद कुमावत, शंकर लाल मेघवंशी, केदार चौधरी, अनिल कुमार वर्मा, आशीष लक्षकार, दुर्गा लाल कुमावत, मुख्तार मोहम्मद, मनराज कुमावत, सुरेश कुमावत, अक्षिता गौड़ सहित मौजूद थे।

### ■ समाजसेवी सुगनी देवी के निधन पर जताया शोक

**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** पीपाड़ शहर स्थित केवल जी की ढाणी निवासी माली समाज के भामाशाह एवं समाजसेवी बाबूलाल, रामपाल, अमराराम टाक की माता सुगना देवी का 14 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। धार्मिक अनुष्ठान के साथ रीतिरिवाज को निभाते हुए जोजरी नदी पर स्थित मोक्ष धाम पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर शहर में शोक की लहर छा गयी। वे सरल स्वभाव के धनी होने के साथ साथ मृदुभाषी भी थी। सुगनी देवी ने सामाजिक कुरीतियों को मिटाने, बाल विवाह, नशा मुक्ति, गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण सहित विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में कार्य किया। उन्होंने समाज के लोगों को शिक्षा के प्रति हमेशा जागृत किया। समाजिक महिला के निधन होने से अपूर्ण क्षति हुई है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। वहीं सूखने देवी के पौत्र और भाजपा नेता अजय सिंह टाक ने बताया कि सुगना देवी के देहांत पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पाली सांसद पीपी चौधरी, संसदीय कार्य संस्कृति एवं राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, जैतारण विधायक अविनाश गहलोत, पूर्व मंत्री रामनारायण डूडी सहित कई नेताओं ने शोक संदेश पत्र के माध्यम से भेजकर दुख व्यक्त किया। इस पर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह कच्छावाह, समाजसेवी पार्षद पीयूष शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सी पी मारोटिया, रामकिशोर टाक, कृष्ण युथ यूनियन के अध्यक्ष जितु सैनी सहित कई सामाजिक संगठनों व पंचगणो ने उनके निधन पर शोक जताया है

**राहत: एक सिलेण्डर जितनी पाइप्ड नेचुरल गैस का उपयोग करने पर 196 रुपए तक की होगी बचत**

# अब सिलेण्डर नहीं पाइपलाइन से सीधे आपकी रसोई तक पहुंचेगी गैस

### 74 रुपए में एलपीजी, 60 रुपए में मिलेगी पीएनजी

### अगले वर्ष मार्च में कम्पनी राजधानी के 10 हजार घरों में शुरू कर देगी आपूर्ति

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आगामी मार्च से राजधानी के विभिन्न इलाकों के घरों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। पेयजल लाइन की तरह अब गैस भी पाइपलाइन से सीधे रसोई तक पहुंचेगी। इसके लिए शहर के विभिन्न हिस्सो में गैस पाइप लाइन डाले जाने का काम चल रहा है। पहले चरण में कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा और महेन्द्र सेज की कॉलोनियों में रहने वाले करीब 10 हजार घरों में पीएनजी कनेक्शन दिए जाएंगे। काम समय से पूरा हो और लोगों को जल्द से जल्द कनेक्शन मिलें, इसके लिए माइन्स और पेट्रोलियम विभाग के अधिकारी नियमित मॉनीटरिंग कर रहे हैं। अधिकारियों की मानें तो कनेक्शन लेने के बाद मीटर लगाया जाएगा और प्रति यूनिट उपभोग के आधार पर बिल आएगा। हर दो माह में बिल रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर के जरिए घर बैठे आएगा। वहीं, एलपीजी सिलेंडर के मौजूदा रेट से पीएनजी की गणना करें तो यह प्रति किलोग्राम करीब 14 रुपए सस्ती मिलेगी। साथ ही घरेलू एलपीजी सिलेंडर जितना उपयोग करने पर प्रति सिलेंडर 196 रुपए की बचत होगी।

**ये होगा फायदा**

- » रसोई के बाहर मीटर लगेगा और 24 घंटे आपूर्ति मिलेगी।
- » उपयोग के हिसाब से बिल आएगा।
- » हल्की होने के कारण एलपीजी गैस लीक होने पर हादसे की आशंका कम।

**6** लाख कनेक्शन जारी किए जाएंगे अगले 8 वर्ष में राजधानी में

**96** लाख कनेक्शन देने का लक्ष्य लेकर चल रही है कम्पनी

**समझें बचत का गणित**

- » एक किलोग्राम एलपीजी 1.16 स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर के बराबर होती है। इस तरह एक किलोग्राम एलपीजी गैस की कीमत अभी 74 रुपए है। वहीं, एक किलो पीएनजी की कीमत 60 रुपए है। हालांकि राजधानी में अभी इसके दाम 52.20 रुपए प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर है।
- » अभी 14.2 किग्रा सिलेंडर की कीमत 1056 रुपए है। इतने ही वजन की पीएनजी गैस की कीमत 860 रुपए होगी।



**नियमित हो रही है निगरानी**

रसोई में गृहणियों के लिए सस्ता ईंधन उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। जयपुर शहर में अगले वर्ष मार्च माह में पाइप से घरेलू गैस के कनेक्शन जारी होंगे। तय समय पर योजना धरातल पर उतरे, इसके लिए लगातार कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे हैं। मार्च तक आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

**-सुबोध अग्रवाल,** अतिरिक्त मुख्य सचिव, माइंस एंड पेट्रोलियम विभाग

# राहुल ने किस खुशखबरी की बात कही है, पूछा तो पायलट ने फेरा मुंह

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** राजस्थान कांग्रेस में सबकुछ ठीक है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट में खींचतान जैसा कोई मसला है ही नहीं। ऐसा ही संदेश कांग्रेस आलाकमान और राजस्थान में अपनी यात्रा लेकर पहुंचे राहुल गांधी भी दे रहे हैं। लेकिन इसमें सच्चाई कितनी है? ये तो राहुल गांधी की यात्रा के राजस्थान के बाहर निकले के बाद ही पता चलेगा। दरअसल, सोमवार को अलवर के सर्किट हाउस में राजस्थान कांग्रेस के दोनों शीर्ष नेताओं के साथ राहुल गांधी ने करीब 30 मिनट तक चर्चा की। इस बैठक के बाद राहुल गांधी ने कहा था कि "अच्छी ख़बर जल्दी आएगी..."। राहुल गांधी से पूछा गया था कि क्या गहलोत और पायलट के बीच किसी तरह का समझौता हो पाया है। करीब आधा घंटे की उस मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे।

इसी मसले में मंगलवार को जब पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट से पूछा गया तो उन्होंने मुंह फेर लिया। जब राहुल गांधी के साथ गहलोत और आपकी बैठक हुई तो का निष्कर्ष निकला? राहुल गांधी ने जिस खुशखबरी की बात कही है वो क्या है? ऐसे सवाल सुनकर सचिन पायलट कुछ बोले नहीं। लेकिन उनके चेहरे की मुस्कान बहुत कुछ बोल रही थी। वो मुंह फेर कर सारे सवालों को नजरअंदाज कर गए।

दअरसल, राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सचिन पायलट मंगलवार को जोधपुर दौरे पर थे। इस दौरान पायलट शेरगढ़ तहसील के देचू थाना क्षेत्र में स्थित भूंगरा गांव पहुंचे। जहां गैस सिलेंडर ब्लास्ट मामले में मृतकों के परिजनों से पायलट ने मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इसके बाद पायलट महात्मा गांधी अस्पताल के बर्न यूनिट में हादसे में झुलसे घायलों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। पत्रकारों से वार्ता करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि शेरगढ़ के भूंगरा में बहुत ही दुःखद हादसा हुआ है और मैं आज हादसे के पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देने आया हूं। उन्होंने कहा कि घटना बहुत ही गंभीर है और राज्य सरकार और केंद्र सरकार को आगे आकर विशेष सहायता राशि देकर पीड़ितों को संबल देने का प्रयास किया है।

उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को राजस्थान में जबरदस्त समर्थन मिला है। पहले लोगों का यह कहना था कि जब यह यात्रा दक्षिण भारत से उत्तर भारत में आएगी तो उसे इतना समर्थ नहीं मिलेगा, लेकिन लोगों ने यहां अपार जनसमर्थन दिखाया है। इस यात्रा से राहुल गांधी ने आत्मीयता, शालीनता और विनम्रता पूर्वक प्यार और भाईचारे का संदेश दिया है। जिसे लोगों ने स्वीकार भी किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि को 15 किलोमीटर चलने का जो लक्ष्य दिया गया है वह सराहनीय कदम है और लोग जब तक जनता के बीच नहीं जाएंगे। तब तक लोगों की समस्याओं से रूबरू नहीं किया जा सकता।

**1971 के भारत-पाक युद्ध के हीरो भैरोसिंह का निधन**

# भैरोसिंह के निधन पर पीएम मोदी ने जताया दुख

### फिल्म बॉर्डर में सुनील शेट्टी बने थे भैरो सिंह

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जोधपुर/ शेरगढ़।** भारत पाकिकस्तान के बीच हुए 1971 के युद्ध में लोंगेवाला चौकी पर अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन करने वाले भैरों सिंह का सोमवार को निधन हो गया। भैरो सिंह राठौड़ मूलरूप से राजस्थान के जोधपुर जिले के गांव सोलकिया तला के रहने वाले हैं।

भारत-पाक युद्ध के हीरो भैरोसिंह ने जोधपुर एम्स में अंतिम सांस ली। उनकी उम्र 81 वर्ष थी। कुछ समय पहले उन्हें सीने में दर्द और बुखार की शिकायत के बाद जोधपुर एम्स में भर्ती कराया गया था। सेना मेडल से सम्मानित पूर्व सैनिक भैरो सिंह से दो दिन पहले विजय दिवस पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर बात की थी।बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि भैरों सिंह राठौड़ के पार्थिव शरीर को जोधपुर में बीएसएफ के एक प्रशिक्षण केंद्र में ले जाया गया है, जहां मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी, उसके बाद उनके गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### 14 दिसंबर से अस्पताल में थे भर्ती, पीएम ने भी फोन किया।

मीडिया से बातचीत में भैरो सिंह राठौड़ के बेटे सवाई सिंह ने बताया कि भारत पाकिस्तान युद्ध की 51वीं वर्षगांठ से दो दिन पहले 1971 के युद्ध में असाधारण पराक्रम दिखाने वाले भैरों सिंह राठौड़ की तबीयत बिगड़ने पर 14 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 16 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फोन किया था।

### 1971 के युद्ध के हीरो भैरों सिंह राठौड़

जोधपुर एम्स में भर्ती होने से पहले उन्हें सीने में दर्द और बुखार की समस्या बताई गई। 81 वर्षीय भैरों सिंह राठौड़ बीते कुछ समय से लगातार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे।

### फिल्म 'बॉर्डर' में सुनील शेट्?टी बने थे भैरों सिंह

वर्ष 1997 में फिल्म 'बॉर्डर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता सुनील शेट्?टी ने भैरों सिंह राठौड़ की भूमिका निभाई थी।

### वीरता के लिए 1972 में सेना पदक मिला

भैरों सिंह राठौड़ को उनकी वीरता के लिए 1972 में सेना पदक मिला था। राठौड़ को कई अन्य सैन्य सम्मानों और असैन्य पुरस्कारों और नवाजा गया था।

### भैरों ने दिलाई थी उस दिन जीत

लोंगेवाला चौकी पर 1971 के युद्ध के बारे में बीएसएफ के रिकॉर्ड के अनुसार, यह केवल उनका साहस और करो या मरो का दृढ़ संकल्प था, जिससे उस दिन जीत हुई और लांस नायक भैरों सिंह चौकी पर अपने अन्य साथियों के लिए एक महान प्रेरणा बन गए।

### भैरों ने मशीन गन उठाई और...

1971 के युद्ध जब पंजाब रेजिमेंट के 23 जवानों में से एक मारा गया, तो लांस नायक भैरों सिंह ने अपनी लाइट मशीन गन उठा ली। इसके बाद आगे बढ़ते दुश्मन पर ताबड़तोड़ हमले कर उन्हें गहरा नुकसान पहुंचाया। यह भी बताया गया कि यह केवल उनका साहस और करो या मरो का दृढ़ संकल्प था, जिससे उस दिन जीत हुई। पिछले साल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जैसलमेर में बॉर्डर दौरे पर आए थे तब भैरो सिंह से भी मुलाकात की थी। भैरों सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी, पूर्व विधायक बाबू सिंह राठौड़, बिलाड़ा विधायक हीरालाल मेघवाल, पुर्व चैयरमेन महेन्द्रसिंह कच्छावाह, डायरेक्टर उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार, अजय सिंह टाक, कृष्णा युथ यूनियन के अध्यक्ष जीतू सैनी, पीपाड़ शहर के कई सामाजिक संगठनों और समाज सेवी ने वॉर हीरो भैरों सिंह राठौड़ को सोशल मीडिया पोस्ट करके श्रद्धांजलि दी है।

**मृत्युभोज निवारण अधिनियम -1960**

# बालविवाह एवं पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ने विषयक जागरूकता शिविर

**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर जिला सचिव, अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश पूर्णिमा गौड़ द्वारा जोधपुर जिला की अधीनस्थ तालुका पीपाड़ की पंचायत समिति रियां, सेठा की ढाणी मे मृत्युभोज निवारण अधिनियम -1960 बालविवाह एवं पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ने विषय पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गौड़ ने अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि मृत्युभोज आयोजित करना, सम्मिलित होना अथवा मृत्युभोज के आयोजन को प्रोत्साहित करना दण्डनीय अपराध है जिसमें एक वर्ष तक का कारावास अथवा 1 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है । ग्राम पंचायत के सरपंच, पटवारी लम्बदार का दायित्व है कि मृत्युभोज आयोजन की सूचना प्राप्त होने तत्काल निकटतम मजिस्ट्रेट को सूचित करें। शिविर में एडीपीसी जोधपुर संतोष द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने एवं बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बालिकाओं एवं उपस्थित आमजन को जानकारी दी गयी। जिसके क्रम में गौड़ द्वारा भी बताया गया कि यदि किसी भी बालिका को आर्थिक, सामाजिक या अन्य किसी भी कारण से आगे पढ़ने या बढ़ने में दिक्कत आ रही हो, तो वे बिना किसी हिचकिचाहट के उन्हें बताये जिसकी ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से हर संभव आवश्यक रूप से मदद की जाएगी। शिविर में रियां सरपंच सुशीला चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी रामपाल चौधरी, थानाधिकारी भोपालगढ़ सुमन चौधरी, बीट कांस्टेबल रियां सुरेंद्र, प्राचार्य रिया स्कूल प्रीति देवड़ा, एएनएम रियां रामेश्वरी चौधरी, वार्ड पंच तेजाराम चौधरी, नरेगा सहायक अशोक नाथ, शिक्षिका सुमन लता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सुरभि कछवाहा उपस्थित रहे।

# 367 ईडब्ल्यूएस आवासों के लिए 2.20 करोड़ रूपए का अनुदान स्वीकृत

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** केकड़ी विधायक डॉ. रघु शर्मा ने शहर के ईडब्ल्यूएस आवासों के लिए बड़ी सौगात दी है। डॉ. शर्मा की अनुशंषा पर केकड़ी में 367 ईडब्ल्यूएस आवासों के निर्माण के लिए अनुदान के 2.20 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पेयजल योजनाओं के लिए 5.63 करोड़ रूपए के प्रस्ताव मुख्यालय भिजवाए गए हैं। विधायक डॉ. शर्मा ने इसके लिए जलदाय मंत्री महेश जोशी से भी चर्चा की है। इन्हें जल्द मंजूरी दिलवाई जाएगी विधायक डॉ. शर्मा ने बताया कि केकड़ी में राजस्थान अरबन ड्रिंकिंग वाटर सीवरेज एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड के जरिए मुख्यमंत्री जनआवास योजना के 367 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) आवासों के लिए 2.20 करोड़ रूपए की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी हो गई है। जल्द ही यह कार्य शुरू किया जाएगा। ईडब्ल्यूएस आवासों के लिए 60 हजार रूपए प्रति आवास के अनुदान की प्रथम किस्त अपेक्षित थी।



**जवाहर कला केंद्र में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी**

# हरे चारे का विकल्प 'अजोला' की जानकारी ले रहे पशुपालक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर जवाहर कला केंद्र में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के तीसरे दिन पशुपालन विभाग की प्रदर्शनी पर दूर-दराज के क्षेत्रों से पशुपालकों की आवाजाही जारी रही। पशुपालक इस मौके पर ना केवल पशुपालन से जुडी हुई जानकारियां जुटा रहे है बल्कि विभाग की प्रदर्शनी पर मौजूद एक अनोखे प्रकार का शैवाल 'अजोला' जो की पशुओं के लिए हरे चारे का विकल्प के रूप में जाना जाता है, की जानकरी भी ले रहे है। राजस्थान के पश्चिमी जिलों में पशुपालकों को हरे चारे की उपलब्धतता की समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे में पशुओं में हरा चारा ना खाने की वजह से रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं दुग्ध उत्पादन कम हो जाता है, जिसकी वजह से पशुपालकों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विभाग की स्टॉल पर मौजूद डॉ पारुल ने 'अजोला' के बारे में जानकारी देते हुए बताया की अजोला में 25 प्रतिशत प्रोटीन की मात्रा के साथ विभिन्न प्रकार के पोषक तत्व मौजूद होते है जो की ना केवल हरे चारे के विकल्प के रूप में खिलाया जा सकता है बल्कि दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए भी काम में लिया जा सकता है। उन्होंने बताया की आजकल पशुपालक पशुओं में प्रजनन की समस्यायों से भी जूझ रहे है वही अजोला के उपयोग से मादा पशुओं में प्रजनन सम्बन्धी समस्याओं से भी निजात पायी जा सकती है। यह अजोला मछली पालन, मुर्गी पालन, भेड़ एवं बकरी पालन में उपयोगी साबित हो रहा है। इसी के साथ पशुपालक पशुओं में होने वाले रोगों के रोकथाम एवं उपचार की जानकारी के साथ विभाग द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी में भी विशेष रूचि दिखा रहे है।

**ANCHOR** | **नियम विरुद्ध रॉयल्टी वसूली**

# ग्रामीणों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**पिण्डवाडा।** स्थानीय ग्रामीणों करीब एक सप्ताह भर से बजरी लीजधारी नियमों के विरूध रॉयल्टी वसूल सहित अन्य आरोप लगाकर स्थानीय प्रशासन से समस्या समाधान की मांग कर रहे थे, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं करने के कारण ग्रामीणों ने कोजरा चौराह पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्तिकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी हंसमुख कुमार को बताया कि गत करीब दो माह से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ग्रामीणो को परेशानियों किया जा रहा है, जिसको लेकर पूर्व भी प्रशासन को कई बार समस्या समाधान को लेकर मांग पत्र सौंपा, लेकिन प्रशासन द्वारा इनके विरूध ठोस कार्यवाही नहीं होने के कारण इन लोगों के हौंसले दिनों-दिन बुलन्द हो रहे है। जिसके विरूध में हमने कोजरा चौराह पर अपनी विभिन्न मांगो को लेकर धरना प्रर्दशन शुरू किया। ग्रामीणों ने कहां कि लीजधारी नियमों के विरूध गोचर भूमि, वन क्षेत्र व कृषि भूमियों से अवैध बजरी परिवहन कर रहे है, जिसको लेकर पिण्डवाडा के समस्त लीज क्षेत्र में सीमाज्ञान कर नेकबंदी करवाकर बजरी का परिवहन करावें। और जब तक सीमाज्ञान कर नेकबंदी नहीं होती है, तब तक अवैध बजरी परिवहन पर पाबंदी लगानें, लीजधारी अवैध रूप से ऑवरलोडिंग बजरी भरवाकर परिवहन कर रहा है, जिसके विरूध खनिज विभाग, पुलिस व परिवहन विभाग नियमानुसार समय-समय पर कार्यवाही करनें, खनन विभाग द्वारा बजरी की लीज आवंटन की गई है, विभाग द्वारा लीज किन-किन शर्तो पर आवंटन की गई है शर्तो की सूची ग्रामीणों को उपलब्ध करवानें, लीजधारी वर्तमान में बजरी की खुदाई बडी-बडी मशीनों से की जा रही है, खनिज विभाग द्वारा बजरी खुदाई कैसे और किन-किन साधनों द्वारा स्वीकृत है।सूची उपलब्ध करवानें, बजरी लीजधारी द्वारा जो धर्मकांटा लगाया गया है, वो ऑवरलोडिंग होने के उपरान्त भी नियमों को ताक में रखकर, अण्डरलोडिंग पास दिया जाता है। जिसकी जांच करवानें, लीजधारी स्थानीय वाहनों से रसीद के रूपये लेने के उपरान्त भी पक्की (ऑनलाईन रसीद ) नहीं दी जा रही है। प्रशासन सभी वाहनों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पक्की (ऑनलाईन) रसीद दिलवाने, बजरी लीजधारी द्वारा जिन लोगों से रात्रि में गश्त करवाई जा रही है उनकी गाडीयों पर अवैध रूप से काली पट्टीयां लगी हुई है उनको हटाया जायें। तथा ग्रामीण क्षेत्रों में धीमी गति से चलने के साथ ही प्रत्येक कार्मिक का पहचान पत्र बनवाया बनवाने, लीजधारी द्वारा निर्धारित स्थान पर धर्मकांटा नहीं लगाने के कारण वाहन चालको को दुसरे गांव कांटा करवाने हेतु जाना पडता है। जिसको लेकर आर्थिक नुकसान हो रहा है। लीजधारी को निर्धारित स्थान पर कांटा लगाने के लिए पाबन्द करवानें, लीजधारी कार्मिको द्वारा ट्रेक्टर चालको को 2 टन बजरी के 1500 रूपये वसलु करने एवं पक्की रसीद नहीं देने जैसे आरोप लगाये जा रहे है। वही ग्रामीणों ने सभी बजरी व पत्थर डालने वाहनों पर बंद कर दिया। ताकि आगामी दिनों में जनता भी इस आन्दोलन से जुड चुके। धरना प्रदर्शन में शक्ति प्रर्दशन को लेकर गांव-गांव के लोगों को जोडने की मुहिम भी चलाने का निर्णय लिया।

### 21 टन ऑवरलोडिंग बजरी पकडी, वाहन सीज

स्थानीय ग्रामीणों व बजरी लीजधारी कार्मिको के बीच में सोमवार को पुलिस प्रशासन की मौजदगी में वार्ता हुई, लेकिन रसीद की रेट को लेकर वार्ता विफल हुई। जबकि ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को कहां कि हमारे भी ऑवरलोडिंग वाहन बंद करों और लीजधारी के भी। जिसको लेकर लीजधारी कार्मिक ने कहां हमारे भी नहीं चलगें और तुम्हारे भी। जिसको लेकर ग्रामीणों ने अपने वाहनों को मंगलवार को बंद रखा, लेकिन लीजधारी ने अपने वाहनों को ऑवरलोडिंग भरवाया। जिसको लेकर करीब 2 सौ से अधिक ग्रामीणों ने एकत्रित होकर ऑवरलोडिंग वाहन को पुलिस प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लीजधारी के कांटा नहीं ले जाकर, रिको में स्थित धर्मकांटा ले जाकर वजन करवाया, तो 16 चक्का 4825 में वाहन समेत 47 टन 500 किलोग्राम वनज होना चाहिए था, लेकिन 71.7100 टन वनज आया। ऐसे में निर्धारित नाप से 21 टन बजरी अधिक मिली। जिसको लेकर विधायक समाराम गरासिया, जिला परिषद किरण पुरोहित, नारायण प्रजापत, रतन गरासिया सहित अन्य ग्रामीणों ने भारी आर् ेश प्रकट किया। तथा इसकी जानकारी उच्चधिकारीयों को लेकर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करवाने की मांग की।

# चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में ऋचा राघवेंद्र पांडेय!

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**लखनऊ।** क्षेत्र के चर्चित व्यक्ति राघवेंद्र पांडेय 'रन्नू' की पत्नी ऋचा पांडेय इस बार इस्माइलगंज वार्ड दो से चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रही हैं। ऋचा पांडेय अपने पति राघवेंद्र पांडेय 'रन्नू' के पदचिन्हों पर चलकर एक उच्च शिक्षित स्नातक सामाजिक कार्यकर्ता हैं जो लगातार लोगों की मदद कर रहे हैं। राघवेन्द्र पाण्डेय 'रन्नू' गोण्डा जिले के मूल निवासी व कल्याणी विहार में रहते हैं। राघवेन्द्र पाण्डेय उच्च शिक्षित 'एम. फिल' डिग्री धारक सफल व्यवसाई व प्रसिद्ध समाजसेवी व्यक्ति हैं। परिसीमन के पहले वह बाद में भी बहुत से गांव जुड़ने से उनके वार्ड में समस्याएं ही समस्याएं हैं जो कि इस्माइलगंज वार्ड में पहले से ही थीं। लोगों के अनुसार पिछले बहुत सालों से क्षेत्र के विकास पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। तमाम रास्ते खराब पड़े हैं, जलनिकासी सबसे बड़ी समस्या है व पेयजल की आपूर्ति नहीं है, कल्याणी विहार जैसे इलाके तो बहुत पिछड़े हैं। वार्ड के बहुत सारे लोगों के मन में का मौजूदा पार्षद के खिलाफ बड़ा आक्रोश है। राघवेन्द्र पाण्डेय 'रन्नू' पिछले बहुत सालों से लोगों की भलाई के काम में लगे हुए हैं क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उन्होंने बड़े-बड़े जन आंदोलन, धरना प्रदर्शन आदि किए हैं, उनके प्रयासों से मुलायम नगर से किशोरी लाल चौराहे तक की सड़क का निर्माण हुआ है, सरकारी जमीन पर बच्चों के खेल मैदान के हक में लड़ाई अभी भी लड़े जा रही है।